■ पौष शुक्ल - 5 ■ संवत 2081 ■ वर्ष - 12 ■ अंक - 160 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- चेन्नई » शनिवार » 04-01-2025 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : chennai@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत



தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित

5 रोहित शर्मा का चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद भारतीय टीम के लिए भविष्य अधर में

6 बिहार में खेला की सियासत का अंतहीन सिलसिला

7 ऋतिक रोशन ने फिटनेस जर्नी के लिए प्रेरित किया : श्रेया चौधरी

## फर्स्ट टेक

### भारत हमेशा मालदीव के साथ खड़ा है : जयशंकर

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत और मालदीव ने सीमा पार व्यापार के लिए स्थानीय मुद्राओं के उपयोग को बढ़ावा देने के वास्ते एक रूपरेखा को अंतिम रूप दिया है और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि भारत हमेशा मालदीव के साथ खड़ा है। जयशंकर ने दिल्ली में मालदीव के अपने समकक्ष अब्दुल्ला खलील के साथ बैठक में यह टिप्पणी की। समुद्री सुरक्षा, व्यापार और निवेश समेत कई प्रमुख क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने के तरीकों पर चर्चा के लिए खलील बृहस्पतिवार को तीन दिवसीय यात्रा पर यहां पहुंचे। जयशंकर ने कहा, सीमा पार लेनदेन के लिए स्थानीय मुद्राओं के उपयोग को बढ़ावा देने की रूपरेखा पर हस्ताक्षर किए गए हैं। उन्होंने कहा, हमने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी भागीदारी बढ़ाई है और मैं यह कहना चाहता हूं कि भारत हमेशा मालदीव के साथ खड़ा रहा है। आप हमारी पड़ोस पहले की नीति में बहुत महत्व रखते हैं।

### वैष्णव ने असम में तीन नई ट्रेन को हरी झंडी दिखाई

**गुवाहाटी/भाषा।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को असम की अपनी एक दिवसीय यात्रा के दौरान तीन नई ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। वैष्णव ने गुवाहाटी रेलवे स्टेशन से जिन ट्रेन को हरी झंडी दिखाई, उनमें गुवाहाटी-न्यू लखीमपुर जनशताब्दी एक्सप्रेस, न्यू बोंगाईगांव-गुवाहाटी पैसेंजर ट्रेन और तिनसुकिया-नाहरलागुन एक्सप्रेस शामिल हैं। इस अवसर पर राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य और मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा भी उपस्थित थे। उन्होंने दिसपुर में तेतेलिया रोड ओवरब्रिज का भी डिजिटल माध्यम से उद्घाटन किया। असम यात्रा के दौरान वैष्णव जगीरोड स्थित टाटा सेमीकंडक्टर फैक्टरी का दौरा और पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे की जारी परियोजनाओं की समीक्षा करेंगे।

### मणिपुर के कांगपोकपी जिले में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर हमला

**इंफाल/भाषा।** मणिपुर के कांगपोकपी जिले में भीड़ ने पुलिस अधीक्षक (एसपी) के कार्यालय पर शुक्रवार शाम हमला कर दिया, जिसमें वह घायल हो गए। यह हमला इंफाल ईस्ट जिले की सीमा पर स्थित सैबोल गांव से केंद्रीय बलों को हटाने में अधिकारी के कथित तौर पर विफल रहने के विरोध में किया गया। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों और हमलावरों के बीच झड़प में पुलिसकर्मियों और प्रदर्शनकारियों सहित कई अन्य लोग भी घायल हो गए। कुकी संगठन 31 दिसंबर को सैबोल गांव में सुरक्षा बलों द्वारा महिलाओं पर कथित लाठीचार्ज के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं।

## मैं भी कोई 'शीश महल' बना सकता था लेकिन

# देशवासियों को पक्का घर मिले, यही मेरा सपना: प्रधानमंत्री मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि आज तक उन्होंने अपने लिए कोई घर नहीं बनाया और अगर वह चाहते तो अपने लिए भी एक 'शीश महल' बना सकते थे लेकिन देशवासियों को पक्का घर मिले, यही उनका सपना रहा है।

राजधानी दिल्ली के अशोक विहार स्थित स्वाभिमान अपार्टमेंट में इन-सीटू स्लम पुनर्वास परियोजना के अंतर्गत झुग्गी झोपड़ी (जेजे) समूहों के निवासियों के लिए 1,675 नवनिर्मित फ्लैटों सहित कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद मोदी ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि विगत 10 सालों में उनके नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने चार करोड़ से अधिक गरीबों के घर का सपना पूरा किया। उन्होंने कहा, ''देश भलीभांति जानता है कि मोदी ने कभी अपने लिए घर नहीं बनाया, लेकिन बीते 10 वर्षों में 4 करोड़ से अधिक लोगों का सपना पूरा किया है। मैं भी कोई शीश महल बना सकता था, लेकिन मेरे लिए तो मेरे देशवासियों को पक्का घर मिले, यही सपना था।''



■ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया

उल्लेखनीय है कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की 'आम आदमी' छवि पर हमला करने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उनके पुराने सिविल लाइंस स्थित आवास को 'शीश महल' के रूप में पेश कर रही है। भाजपा का आरोप है कि आवास को कथित 'शीश महल' में तब्दील करने में करोड़ों रुपए खर्च किए गए।

प्रधानमंत्री ने दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) के नेतृत्व वाली सरकार को 'आपदा' सरकार करार दिया और आरोप लगाया कि वह राष्ट्रीय राजधानी के लोगों को बुनियादी सुविधाएं तक ठीक से नहीं दे रही है। उन्होंने कहा, ''इसके चलते लाखों दिल्लीवासियों को बहुत परेशानी हो रही है। घर बनाने में लाखों रुपए लगाने के बाद भी अगर सीवर ना हों, नालियां टूटी हों, गली में गंदा पानी बहता हो तो दिल्ली के लोगों का दिल दुखना बहुत स्वाभाविक है।''

केजरीवाल पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, ''जो लोग दिल्ली के लोगों से विश्वासघात करके, झूठी कसमें खा कर अपने लिए शीश महल बनवा लेते हैं...जब यह आपदा जाएगी, भाजपा आएगी तो इन सारी समस्याओं का समाधान भी किया जाएगा।''

प्रधानमंत्री ने दिल्ली सरकार पर स्कूली शिक्षा व्यवस्था को भी 'बहुत नुकसान पहुंचाने' का आरोप लगाया और कहा कि हालत यह है की समग्र शिक्षा अभियान के तहत जो पैसे भारत सरकार ने दिए, उसके आधे भी वह खर्च नहीं कर सकी। उन्होंने कहा, ''दिल्ली में ऐसी सरकार बैठी है, जिसको दिल्ली के बच्चों के भविष्य की परवाह नहीं है...भारत सरकार के दिए आधे पैसे भी पढ़ाई के लिए खर्च नहीं कर पाए।''

उन्होंने केजरीवाल पर कटाक्ष करते हुए कहा, ''बीते 10 वर्षों से दिल्ली एक बड़ी 'आप-दा' से घिरी है। अन्ना हजारे जी को सामने करके कुछ कट्टर बेईमान लोगों ने दिल्ली को आप-दा में धकेल दिया। शराब के ठेकों में घोटाला, बच्चों के स्कूल में घोटाला, गरीबों के इलाज में घोटाला, भर्तियों के नाम पर घोटाला... ये लोग दिल्ली के विकास की बात करते थे, लेकिन ये लोग आप-दा बनकर दिल्ली पर टूट पड़े हैं।''



## अल्लू अर्जुन को मिली नियमित जमानत

**हैदराबाद/भाषा।** हैदराबाद की एक अदालत ने फिल्म पुष्पा-2 के प्रीमियर के दौरान भगदड़ मचने से एक महिला की मौत होने के मामले में तेलुगु अभिनेता अल्लू अर्जुन को नियमित जमानत दे दी। द्वितीय अतिरिक्त मेट्रोपॉलिटन सत्र न्यायाधीश ने इससे पहले अभिनेता और पुलिस के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद आज के लिए आदेश सुरक्षित रख लिया था। अदालत ने अभिनेता को 50-50 हजार रुपए के दो जमानतदार पेश करने के अलावा उतनी ही रकम का मुचलका भरने का निर्देश दिया। जमानत शर्तों के तहत, अभिनेता को दो महीने की अवधि के लिए या आरोप पत्र दाखिल होने तक हर रविवार को पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न एक बजे के बीच जांच अधिकारी के सामने पेश होना होगा। अदालत ने कहा, याचिकाकर्ता किसी भी तरह से जांच में बाधा नहीं डालेगा और न ही प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी गवाह को कोई प्रलोभन, धमकी या कोई वादा करेगा। अदालत के आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता जांच में सहयोग करेगा और किसी भी तरह के हस्तक्षेप का कोई प्रयास नहीं करेगा। अभिनेता को मामले का निपटारा होने तक अदालत की पूर्व अनुमति के बिना विदेश नहीं जाने का निर्देश दिया गया है।



# किसानों को सशक्त बनाने के लिए केंद्र हरसंभव प्रयास करेगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नासिक/भाषा।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र सरकार किसानों को सशक्त बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी।

चौहान यहां यशवंतराव चव्हाण महाराष्ट्र मुक्त विश्वविद्यालय (वाईसीएमओयू) कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा आयोजित 'किसान सुसंवाद' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किसानों को सशक्त और सक्षम बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि पंचायत और गांव स्तर पर सैटेलाइट प्रणाली का उपयोग करके फसलों का पंचनामा किया जाएगा, ताकि प्रक्रिया सटीक हो और किसानों को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से तुरंत मुआवजा मिल सके।

चौहान ने आश्वासन दिया कि किसानों को उचित दरों पर खाद उपलब्ध कराई जा रही है तथा सरकार निर्यात योग्य उपज के लिए सही मूल्य और बाजार उपलब्ध कराने के प्रति सकारात्मक है। उन्होंने कहा, नासिक जिले में अंगूर की खेती करने वाले किसानों की संख्या बहुत अधिक है। किसानों को विदेशी अंगूर की किस्में उपलब्ध कराने के मुद्दे पर चर्चा के लिए एक बैठक आयोजित की जाएगी और सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा।

इस अवसर पर राज्य के कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे ने कहा, राज्य कृषि विभाग भविष्य में ड्रोन के उपयोग को प्राथमिकता देगा। सरकार एक ऑनलाइन पोर्टल बनाएगी और इसे राजस्व विभाग से जोड़ेगी, ताकि किसानों को सब्सिडी देने की प्रक्रिया आसान हो सके।

## परीक्षण के दौरान

# वंदे भारत स्लीपर ट्रेन ने 180 किमी प्रति घंटे की रफ्तार हासिल की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** वंदे भारत स्लीपर ट्रेन राजस्थान में 40 किलोमीटर लंबे मार्ग पर पिछले तीन दिनों में किए गए कई परीक्षणों में 180 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम रफ्तार हासिल करने में सफल रही। रेल मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

मंत्रालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, परीक्षण इस महीने के अंत तक जारी रहेगा। इसके बाद यह ट्रेन देशभर में रेल यात्रियों को लंबी दूरी की विश्व स्तरीय यात्रा की सुविधा देने के लिए उपलब्ध करा दी जाएगी।



मंत्रालय ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की ओर से 'एक्स' पर हाल ही में जारी एक वीडियो भी साझा किया।

उसने कहा, वीडियो में वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के अंदर एक समतल सतह पर मोबाइल फोन के बगल में पानी से भरा हुआ गिलास रखा दिखाया गया है। इसमें ट्रेन के 180 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम रफ्तार अख्तियार करने के बावजूद पानी का स्तर स्थिर बना हुआ नजर आता है, जो दर्शाता है कि यह हाई-स्पीड रेल यात्रा कितनी आरामदायक होगी।

## आतंकवाद के मुद्दे से पाकिस्तान को प्रभावी ढंग से निपटना होगा : भारत

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत ने आतंकवाद का इस्तेमाल औजार के रूप में करने की पाकिस्तान की नीति को उजागर करते हुए शुक्रवार को कहा कि इस्लामाबाद को दोनों पक्षों के बीच संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए आतंकवाद के मुद्दे से प्रभावी ढंग से निपटना होगा।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यह टिप्पणी पाकिस्तान के उपप्रधानमंत्री इशाक डार के उस बयान के बारे में पूछे जाने पर की, जिसमें उन्होंने द्विपक्षीय व्यापार को फिर से शुरू करने के लिए संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता बताई थी। डार ने कहा कि भारत के साथ संबंधों को सामान्य बनाने के लिए आपसी इच्छाशक्ति की जरूरत है।



केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को एक पुस्तक का विमोचन किया, जिसमें पिछले 300 वर्षों के दौरान सिंधिया राजवंश और शिंदे परिवार (राज पुरोहितों) के इतिहास की विवेचना की गई है। राजेंद्र शिंदे और दत्ता जोशी द्वारा लिखित मराठी पुस्तक 'प्रकाशतुन प्रकाशकाडे' महाराष्ट्र में सतारा के पास कन्हेरखेड रियासत पर शासन करने वाले सिंधिया परिवार और निकटवर्ती रहीमतपुर के शिंदे वंश से संबंधित दस्तावेज है। पूर्ववर्ती राजपरिवार के मुखिया सिंधिया ने पुस्तक विमोचन समारोह में कहा, ''यह पुस्तक न केवल दो परिवारों का इतिहास बताती है, बल्कि मराठा साम्राज्य और भारत का भी इतिहास बताती है।'' समारोह में सिंधिया परिवार के वर्तमान राज पुरोहित त्रयम्बक शिंदे और उनके परिवार के सदस्य भी उपस्थित थे। सिंधिया ने कहा कि भारत के इतिहास में मुगलों, अंग्रेजों और अन्य विदेशी ताकतों के शासन पर बहुत अधिक ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा, ''इतिहास की पुस्तकों में मराठों के बारे में बहुत कम लिखा गया है, जिन्होंने हर विदेशी ताकत से लड़ाई लड़ी, चाहे वह पुर्तगाली, स्पेनिश, मुगल, पठान, अहमद शाह अब्दाली हो, या ब्रिटिश हो।''

| 04-01-2025 सूर्यास्त | 05-01-2025 सूर्योदय |
|---|---|
| 5:55 बजे | 6:32 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 79,223.11 | 24,004.75 |
| (-720.60) | (-183.90) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 8,014 रु. | 100,000 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

मिशन मंडेला
दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### सीधा प्रश्न

कश्मीर हमारा है फिर क्यों,
तुम देते गलत बयान कहो ?
भारत के क्या हो तुम दुश्मन,
या सेवक पाकिस्तान कहो ?
केवल विपक्ष में रहने से,
क्यों कड़वी सिर्फ जुबान कहो ?
इतिहास करेगा नहीं माफ,
है इसका थोड़ा भान कहो ??

## अब किसी भी बैंक से पेंशन निकाल सकेंगे ईपीएफओ पेंशनधारक

### केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली शुरू

**नई दिल्ली/भाषा।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के पेंशनधारक अब किसी भी बैंक से पेंशन निकल सकेंगे। ईपीएफओ ने देश भर में अपने सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली (सीपीपीएस) लागू करने का काम पूरा कर लिया है। श्रम मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि इससे 68 लाख से अधिक पेंशनधारक लाभान्वित होंगे। मंत्रालय ने कहा कि कि सीपीपीएस मौजूदा पेंशन वितरण प्रणाली से एक आदर्श बदलाव है, जो विकेन्द्रीकृत है। इसमें ईपीएफओ का प्रत्येक संभागीय/क्षेत्रीय कार्यालय केवल तीन-चार बैंकों के साथ अलग-अलग समझौते करता है। सीपीपीएस के तहत, लाभार्थी किसी भी बैंक से पेंशन निकाल सकेंगे और पेंशन शुरू होने के समय सत्यापन के लिए बैंक जाने की आवश्यकता नहीं होगी। राशि जारी होने पर तुरंत जमा कर दी जाएगी। बयान में कहा गया है कि जनवरी, 2025 से सीपीपीएस प्रणाली पूरे भारत में पेंशन का वितरण सुनिश्चित करेगी तथा पेंशनधारकों के किसी अन्य स्थान पर जाने या उनके द्वारा अपना बैंक या शाखा बदलने के बावजूद पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) को एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय में स्थानांतरित करने की आवश्यकता नहीं होगी। इससे उन पेंशनभोगियों को बड़ी राहत मिलेगी जो सेवानिवृत्ति के बाद अपने गृहनगर चले जाते हैं। मंत्रालय ने बयान में कहा कि सीपीपीएस की पहली पायलट परियोजना पिछले साल अक्टूबर में करनाल, जम्मू और श्रीनगर क्षेत्रीय कार्यालयों में पूरी हो गयी थी। इसमें 49,000 से अधिक ईपीएस पेंशनधारकों को लगभग 11 करोड़ रुपए की पेंशन वितरित की गई थी। बयान के अनुसार, दूसरी पायलट परियोजना नवंबर में 24 क्षेत्रीय कार्यालयों में शुरू किया गया था, जहां 9.3 लाख से अधिक पेंशनधारकों को लगभग 213 करोड़ रुपए की पेंशन वितरित की गई।

# औपनिवेशिक मानसिकता वाले कुछ लोग सनातन के संदर्भ को प्रतिगामी बताकर खारिज कर रहे हैं: धनखड़

**नई दिल्ली/भाषा।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को इस बात पर अफसोस जताया कि भारत में सनातन और हिंदू के जिक्र भर से ''गुमराह'' लोगों की ओर से चौंकाने वाली प्रतिक्रियाएं आती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग शब्दों की गहराई और उनके गहरे अर्थ को समझे बिना ऐसी प्रतिक्रियाएं व्यक्त करते हैं, वे ''खतरनाक परिवेश'' से प्रेरित हैं। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में आयोजित अंतरराष्ट्रीय वेदांत कांग्रेस को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा कि यह विडंबनापूर्ण और दुखद है कि इस देश में ''सनातन और हिंदू का संदर्भ'' चौंकाने वाली प्रतिक्रियाएं उत्पन्न कर रहा है। उन्होंने कहा, ''इन शब्दों के गहरे अर्थ को समझने के बजाय, लोग तुरंत प्रतिक्रिया व्यक्त कर देते हैं।'' धनखड़ ने इन्हें गुमराह लोग करार देते हुए कहा, ''ऐसे व्यक्ति खतरनाक परिवेश से प्रेरित होते हैं जो न केवल समाज के लिए, बल्कि खुद के लिए भी खतरा हैं।''



उपराष्ट्रपति ने कहा कि ऐसे समय में जब वैश्विक विधाएं वेदांत दर्शन को अपना रही हैं, ''आध्यात्मिकता की इस भूमि पर कुछ ऐसे लोग भी हैं'' जो वेदांत और सनातनी ग्रंथों को ''प्रतिगामी'' कहकर खारिज कर देते हैं। उन्होंने कहा, ''यह खारिज करना अक्सर विकृत औपनिवेशिक मानसिकताओं और हमारे बौद्धिक धरोहर की अपर्याप्त समझ से उत्पन्न होता है। ये तत्व एक व्यवस्थित और घातक तरीके से काम करते हैं। वे अपने विध्वंसक विचारों को धर्मनिरपेक्षता के विकृत रूप में छुपाते हैं। यह बहुत खतरनाक है।

## रेलवे बोर्ड ने 'लेवल-1' पदों के लिए शैक्षणिक मानदंडों में ढील दी

**नई दिल्ली/भाषा।** रेलवे बोर्ड ने 'लेवल-1' (पूर्ववर्ती ग्रुप-डी) पदों पर भर्ती के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मानदंडों में ढील दी है। नए नियमों के अनुसार, दसवीं कक्षा उत्तीर्ण उम्मीदवार या आईटीआई डिप्लोमा धारक या समकक्ष या राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीटी) द्वारा प्रदान किया गया राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्रमाणपत्र (एनएसी) धारक लेवल-1 पदों के लिए आवेदन करने के पात्र होंगे।

# दक्षिण कोरिया : घंटों के गतिरोध के बाद राष्ट्रपति यून को हिरासत में नहीं ले सके प्राधिकारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**सियोल/एपी।** दक्षिण कोरिया के जांचकर्ता महाभियोग का सामना कर रहे देश के राष्ट्रपति यून सुक येओल को राष्ट्रपति सुरक्षा सेवा के साथ लगभग छह घंटे के गतिरोध के बाद भी हिरासत में नहीं ले सके।

यून द्वारा लगाए गए अल्पकालिक 'मार्शल लॉ' के बाद से जारी राजनीतिक संकट और एक महीने के भीतर दो राष्ट्राध्यक्षों के खिलाफ महाभियोग चलाए जाने से दक्षिण कोरियाई राजनीति पंगु हो गयी है।

देश की भ्रष्टाचार रोधी एजेंसी ने कहा कि उसके जांचकर्ताओं को यून के आधिकारिक आवास में प्रवेश करने से रोक दिया गया जिसके बाद उन्हें सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण वापस बुला लिया गया।

एजेंसी ने बताया कि संख्या में कम उसके जांचकर्ताओं की राष्ट्रपति के सुरक्षा बलों के साथ कई बार झड़प हुई। उसने कहा कि वह ''संदिग्ध के रवैये पर गंभीर खेद व्यक्त करती है जिन्होंने कानून द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं किया।''



राष्ट्रीय पुलिस एजेंसी ने कहा कि उसने आधिकारिक कर्तव्य में बाधा डालने के संदेह में राष्ट्रपति सुरक्षा सेवा के प्रमुख और उप प्रमुखों के खिलाफ जांच करने की योजना बनाई है और उन्हें शनिवार को पूछताछ के लिए बुलाया है।

यून उनसे पूछताछ की जांचकर्ताओं की कोशिश को पिछले कई सप्ताह से विफल कर रहे हैं। यून आखिरी बार 12 दिसंबर को अपने आवास से बाहर निकले थे। उस समय वह निकट स्थित राष्ट्रपति कार्यालय गए थे और उन्होंने टेलीविजन पर प्रसारित राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा था कि वह उन्हें हटाने के प्रयासों का विरोध करेंगे। जांचकर्ता इस बात की जांच कर रहे हैं कि तीन दिसंबर को यून द्वारा लगाया गया अल्पकालिक 'मार्शल लॉ' विद्रोह के समान है या नहीं। यून उनकी नीतियों को विपक्ष के प्रभुत्व वाली संसद द्वारा अवरुद्ध किए जाने से हताश थे और इसीलिए उन्होंने तीन दिसंबर को 'मार्शल लॉ' लागू कर दिया।

# देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.11 अरब डॉलर घटकर 640.28 अरब डॉलर पर

**मुंबई/भाषा।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 27 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 4.11 अरब डॉलर घटकर 640.28 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में, देश का विदेशी मुद्रा भंडार 8.48 अरब डॉलर घटकर 644.39 अरब डॉलर पर आ गया था।

विदेशी मुद्रा भंडार में पिछले कुछ हफ्तों से गिरावट आ रही है। इस गिरावट का कारण रुपए में उतार-चढ़ाव को कम करने के लिए आरबीआई का विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप के साथ-साथ मूल्यांकन को माना जा रहा है। सितंबर के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.88 अरब अमेरिकी डॉलर के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 27 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 4.64 अरब डॉलर घटकर 551.92 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है।

समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 54.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 66.27 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 1.2 करोड़ डॉलर घटकर 17.87 अरब डॉलर रहा।



# न्यायालय ने याचिका दायर करने में देरी पर कहा- भारत सरकार समयसीमा का पालन क्यों नहीं कर सकती

**नई दिल्ली/भाषा।** सर्वोच्च न्यायालय ने शुक्रवार को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) सहित सरकारी प्राधिकारियों से अपील दायर करने में अत्यधिक देरी को लेकर आत्मनिरीक्षण करने को कहा। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना ने एनएचएआई की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा, मुझे लगता है कि लगभग 95 प्रतिशत मामलों में सभी लोग समय-सारिणी का पालन कर रहे हैं। भारत सरकार इसका पालन क्यों नहीं कर पा रही है? कहीं न कहीं कुछ गड़बड़ है...आत्मनिरीक्षण जरूरी है। एनएचएआई ने दिवालियापन मामले में राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) के आदेश को चुनौती दी थी, जिसे न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया गया था।

एनसीएलएटी ने देरी के कारण एनएचएआई की अपील खारिज कर दी थी। प्रधान न्यायाधीश ने 295 दिनों की देरी पर असहमति जताते हुए प्रक्रियागत समयसीमा का पालन करने के महत्व पर बल दिया और कहा कि एनएचएआई का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत से सहमति जताते हुए इस मुद्दे को सुलझाने का आश्वासन दिया है। मेहता ने कहा, मैं अध्यक्ष से बात करने का वचन देता हूं। उन्हें जांच करने दीजिए कि सुस्ती या अन्य कोई कारण क्यों था। यह मामला दिवाला एवं दिवालियापन संहिता की कार्यवाही से संबंधित है, जिसमें एनएचएआई ने उसकी सहमति के बिना स्वीकृत समाधान योजना को चुनौती दी थी।

# तेलंगाना में नई नवीकरणीय ऊर्जा नीति पेश, 2030 तक 20 हजार मेगावाट जोड़ने का लक्ष्य

**हैदराबाद/भाषा।** तेलंगाना के उप मुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क ने शुक्रवार को कहा कि राज्य का लक्ष्य 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन तथा भंडारण क्षमता में 20,000 मेगावाट जोड़ना है। राज्य में मौजूदा क्षमता 11,000 मेगावाट से अधिक है।

तेलंगाना स्वच्छ व हरित ऊर्जा नीति-2024 पेश करने के बाद भट्टी ने कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए राज्य एकल नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं, 'फ्लोटिंग सोलर', अपशिष्ट से ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन जैसे अभिनव समाधानों पर ध्यान केंद्रित करेगा। उन्होंने कहा, ''तेलंगाना 2030 तक 20,000 मेगावाट अतिरिक्त नवीकरणीय ऊर्जा व भंडारण क्षमता हासिल करने का लक्ष्य बना रहा है।'' वर्तमान में नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 11,399 मेगावाट है, जिसमें 7,889 मेगावाट सौर ऊर्जा (वितरित नवीकरणीय ऊर्जा के अलावा) और 2,518 मेगावाट जल ऊर्जा शामिल है। मंत्री ने बताया कि 'फ्यूचर सिटी' और 'फार्मा सिटी' जैसी बुनियादी ढांचे से जुड़ी विभिन्न वृहत परियोजनाओं के साथ राज्य में बिजली की अधिकतम मांग में तेजी से वृद्धि होने की उम्मीद है।

# प्रधानमंत्री का 'आप' पर वार, कुछ 'कट्टर बेईमान' लोगों ने दिल्ली को 'आप-दा' में धकेल दिया



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) को दिल्ली के लिए 'आपदा' करार देते हुए कहा कि पिछले 10 सालों में कुछ 'कट्टर बेईमान' लोगों ने राष्ट्रीय राजधानी को 'आप-दा' में धकेल दिया है।

आवास एवं शिक्षा समेत राष्ट्रीय राजधानी में बुनियादी ढांचा से जुड़ी विभिन्न परियोजनायों के उद्घाटन और शिलान्यास के बाद लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने आप के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार पर निशाना साधा और कहा कि अगर राष्ट्रीय राजधानी में इसका शासन चलता रहा तो भविष्य में दिल्ली को वे 'और भी विकराल' स्थिति की तरफ ले जाएंगे।

उन्होंने आप सरकार पर स्कूली शिक्षा से लेकर प्रदूषण के खिलाफ जंग और शराब के कारोबार समेत कई क्षेत्रों में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि एक तरफ केंद्र की सरकार राजधानी के लोगों के जीवन को आसान बनाने के बहुत प्रयास कर रही है, वहीं दूसरी तरफ दिल्ली के विकास के वादे कर सत्ता में आने वाली केंद्र शासित प्रदेश की सरकार 'आप-दा' बनकर दिल्ली पर टूट पड़ी है।

अगले महीने राजधानी में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रधानमंत्री ने कहा कि दिल्ली ने इस 'आप-दा' के खिलाफ युद्ध छेड़ा है और इससे छुटकारा पाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, ''यह साल राष्ट्र निर्माण और लोगों के कल्याण की एक नई राजनीति लेकर आएगा। इसलिए 'आप-दा' को हटाना है, भाजपा को लाना है।''

दिल्ली सरकार द्वारा राष्ट्रीय राजधानी में स्वास्थ्य बीमा योजना, आयुष्मान भारत और अन्य कार्यक्रमों को अनुमति नहीं देने के कारण मोदी ने कहा कि वह अपने प्रयासों के बावजूद यहां रहने वाले लोगों की पूरी तरह मदद नहीं कर पा रहे हैं।



# केंद्र सरकार ने दिल्ली में काम नहीं किया, नहीं तो मोदी को 'आप' सरकार को कोसना नहीं पड़ता : केजरीवाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को यहां कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार ने दिल्ली में कोई विकास कार्य नहीं किया है, नहीं तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपने 43 मिनट के भाषण में से 39 मिनट तक राजधानी के लोगों और उनके द्वारा सबसे बड़े जनादेश से चुनी गई सरकार को कोसना नहीं पड़ता। दिल्ली में सत्तारूढ़ 'आप' सरकार पर मोदी की टिप्पणियों के जवाब में केजरीवाल ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा केवल ''व्यक्तिगत हमले'' करने में लिप्त है। उन्होंने कहा, ''आज के अपने भाषण में मोदी जी ने 39 मिनट दिल्ली की चुनी हुई सरकार और लोगों को गाली देने में ही बिताए।''

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ''पिछले 10 साल में हमारी सरकार ने जो काम किए हैं, उन्हें गिनाने के लिए दो-तीन घंटे भी कम पड़ेंगे। दूसरी तरफ, भाजपा सरकार ने ऐसा कोई काम नहीं किया है, जिसका जिक्र मोदी जी अपने भाषण में कर सकें। अगर काम किया होता तो उन्हें दिल्ली के लोगों को गाली देने की जरूरत नहीं पड़ती। पार्टी को दिल्ली के लोगों को गाली देकर चुनाव जीतने की कोशिश नहीं करनी पड़ती।'' इससे पहले दिन में अशोक विहार में एक कार्यक्रम में मोदी ने 'आप' को दिल्ली के लिए 'आपदा' करार दिया और कहा कि इस 'आपदा' ने पिछले 10 वर्षों से राष्ट्रीय राजधानी को अपनी गिरफ्त में ले रखा है।

प्रधानमंत्री ने यह भी विश्वास जताया कि आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा 'आप' को हराकर विजयी होगी।

# ब्लिंकिट की 10 मिनट में एम्बुलेंस सेवा: गोयल ने कंपनी से कानून का पालन करने को कहा

**नई दिल्ली/भाषा।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि 10 मिनट की एम्बुलेंस सेवा शुरू करने वाली ब्लिंकिट जैसी 'क्विक-कॉमर्स' यानी कुछ ही मिनट में सामान पहुंचाने वाली कंपनियों को देश के कानून का पालन करना चाहिए। ब्लिंकिट ने बृहस्पतिवार को पायलट आधार पर गुरुग्राम के चुनिंदा इलाकों में 10 मिनट की एम्बुलेंस सेवा शुरू की थी। कंपनी के बयान के मुताबिक, उपयोगकर्ता ब्लिंकिट ऐप पर एम्बुलेंस बुलाने का विकल्प देख पाएंगे।

कंपनी के फैसले के बारे में पूछने पर गोयल ने संवाददाताओं से कहा, ''ब्लिंकिट द्वारा एम्बुलेंस सेवाएं देने या दवाएं पहुंचाने के बारे में मेरा एकमात्र सुझाव यह होगा कि उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे देश के कानून का पालन करें और जो भी कानूनी आवश्यकताएं हैं, उनका ठीक से ध्यान रखें। देश के किसी भी कानून को नहीं तोड़ा जाना चाहिए।'' छोटे खुदरा विक्रेताओं ने 'क्विक-कॉमर्स' या 'ई-कॉमर्स' कंपनियों के बारे में जो मुद्दे उठाए हैं, उनके बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि सरकार इस पर नजर रख रही है। गोयल ने कहा कि सीसीआई ने पहले ही कुछ मामलों में कार्रवाई की है।

# ईवी कंपनियां मौजूदा सब्सिडी व्यवस्था खत्म होने के बाद सब्सिडी हटाने पर सहमत : गोयल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ शुक्रवार को हुई बैठक में उपस्थित इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) कंपनियों ने इस पर सहमति जताई कि मौजूदा सब्सिडी व्यवस्था खत्म होने के बाद उन्हें सब्सिडी की जरूरत नहीं रहेगी। ईवी क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने बैटरी की अदला-बदली और चार्जिंग सुविधाओं से जुड़े बुनियादी ढांचे के विकास से संबंधित मुद्दों पर यहां गोयल के साथ विचार-विमर्श किया।

गोयल ने बैठक के बाद कहा कि ईवी क्षेत्र में कार्यरत कंपनियां अपने खुद के कारोबारी मॉडल चुनने के लिए स्वतंत्र हैं। उन्होंने कहा कि बैटरी बदलने के लिए सहयोग करना और संसाधन साझा करना या अपनी बैटरी वाले वाहनों को ही बेचने का निर्णय पूरी तरह से कंपनियों पर निर्भर करता है। गोयल ने संवाददाताओं से कहा, सभी इस बात पर एकमत थे कि मौजूदा सब्सिडी व्यवस्था खत्म होने के बाद उनमें से किसी को भी सब्सिडी बढ़ाने की जरूरत नहीं होगी। हरेक क्षेत्र में एक या दूसरा मॉडल है जो इसे आत्मनिर्भर बनाता है और आगे सब्सिडी की जरूरत नहीं होती है। उन्होंने कहा, आज इलेक्ट्रिक परिवहन उड़ान भरने को तैयार है। उन्हें नए प्रोत्साहन या सब्सिडी की जरूरत नहीं है। मौजूदा सब्सिडी कुछ और समय के लिए उपलब्ध है और इससे उन्हें ईवी परिवेश को उचित शुरुआत देने में मदद मिलेगी। गोयल ने बैटरी चार्जिंग बुनियादी ढांचे पर हुई चर्चा के बारे में पूछे जाने पर कहा कि पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पीईएसओ) ने पेट्रोल पंपों पर कई ईवी चार्जिंग एवं बैटरी अदला-बदली सुविधाओं की स्थापना के लिए मसौदा दिशानिर्देश जारी किए हैं। इससे पेट्रोल पंपों या गैस स्टेशनों पर चार्जिंग ढांचा खड़ा करना आसान होता है। मंत्रालय ने उन दिशानिर्देशों को स्व-निगरानी और स्व-प्रमाणित बनाने का सुझाव दिया है ताकि जो कोई भी चार्जिंग स्टेशन स्थापित कर रहा है, वह उनका स्व-नियमन कर सके।

# कांग्रेस ने आतिशी के खिलाफ अलका लांबा को उम्मीदवार बनाया



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने दिल्ली की कालकाजी विधानसभा सीट से मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ अपनी महिला इकाई की अध्यक्ष अलका लांबा को उम्मीदवार बनाया है। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति ने कालकाजी से अलका लांबा के नाम को स्वीकृति प्रदान की।

अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने 1990 के दशक में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) से अपनी छात्र राजनीति की शुरुआत की थी। बाद में वह आम आदमी पार्टी में शामिल हो गई थीं और आप के टिकट पर ही वह 2015 में चांदनी चौक से विधायक बनी थीं। कुछ साल पहले उन्होंने कांग्रेस में वापसी की थी। मुख्यमंत्री आतिशी वर्तमान में कालकाजी से विधायक हैं और एक बार फिर से वह आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर चुनाव मैदान में हैं। भातीय जनता पार्टी ने फिलहाल अपने उम्मीदवार अभी घोषित नहीं किए गए हैं। कांग्रेस अब तक कुल 48 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर चुकी है। उसने नई दिल्ली सीट से पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ पूर्व सांसद संदीप दीक्षित को टिकट दिया है।



# 'दिल्ली सरकार की 'शिक्षा क्रांति' ने व्यवस्था को परिवर्तित कर दिया'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा लाई गई 'शिक्षा क्रांति' ने शिक्षा व्यवस्था को परिवर्तित कर दिया है और अब बच्चों के पास अवसरों की कोई कमी नहीं है। झिलमिल कॉलोनी में सरकारी उच्च माध्यमिक विद्यालय में एक नए शैक्षणिक ब्लॉक का उद्घाटन करते हुए आतिशी ने कहा कि नए भवन का महत्व तब नजर आता है जब वहां पढ़ने वाले बच्चों के चेहरों पर मुस्कान दिखाई देती है।

जिस ब्लाक का उद्घाटन किया गया है उसमें 25 कक्षाएं और छह उन्नत प्रयोगशालाओं समेत 45 कमरे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सुविधाओं का उद्देश्य छात्रों को जीव विज्ञान जैसे विषयों का गहन अध्ययन करने तथा चिकित्सा और इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों में करियर बनाने में सक्षम बनाना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आतिशी ने कहा, ''इस भवन का महत्व तब स्पष्ट होता है जब आप यहां पढ़ने वाले बच्चों के चेहरों पर मुस्कान देखते हैं। जैसे ही हम स्कूल में दाखिल हुए, हमने छात्रों को आत्मविश्वास के साथ प्रदर्शनी लगाते देखा और उनका उत्साह दर्शाता है कि यह नया ब्लॉक उनके लिए कितना सार्थक है।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय था जब सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी बरसात के मौसम में स्कूलों में नहीं जा पाते थे, क्योंकि कक्षाएं और खेल मैदान जलमग्न हो जाते थे तथा प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय और खेल मैदान जैसी सुविधाएं उनके लिए केवल ''सपना'' ही थीं।



# पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की स्मृति में अंतिम अरदास का आयोजन, सोनिया समेत कई नेता हुए शामिल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा कई अन्य नेता शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की स्मृति में गुरुद्वारा रकाबगंज में आयोजित कीर्तन और अंतिम अरदास में शामिल हुए।

मनमोहन सिंह का बीते 26 दिसंबर को 92 साल की आयु में निधन हो गया था। उनका अंतिम संस्कार 28 दिसंबर को निगमबोध घाट पर किया गया।

कीर्तन और अंतिम अरदास में मनमोहन सिंह के परिजन के अलावा खरगे, सोनिया गांधी, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत शामिल थे।

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) की पूर्व अध्यक्ष बीबी जागीर कौर, पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा और योजना आयोग (अब नीति आयोग) के पूर्व उपाध्यक्ष मोंटेक सिंह अहलूवालिया, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश, प्रवक्ता पवन खेड़ा, पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद और अजय माकन तथा सांसद सुखजिंदर रंधावा शामिल थे।

भाजपा नेता प्रनीत कौर और मनजिंदर सिंह सिरसा भी इस मौके पर मौजूद थे।

इससे पहले, सिंह के आवास '3 मोतीलाल नेहरू मार्ग' पर उनकी स्मृति और सम्मान में शुक्रवार को 'अखंड पाठ' का आयोजन किया गया, जिसमें सोनिया, खरगे, पूर्व उप राष्ट्रपति हामिद अंसारी और कुछ अन्य नेता शामिल हुए।

सिंह की पत्नी गुरशरण कौर ने 'अखंड पाठ' के दौरान सिख धर्म के पवित्र ग्रंथ के कुछ अंश का पाठ किया।

# महाराष्ट्र सरकार फुले द्वारा दिखाए गए समानता के मार्ग पर चलेगी: फडणवीस



**सतारा/भाषा।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने शुक्रवार को कहा कि राज्य सरकार 19वीं सदी के समाज सुधारक ज्योतिराव फुले और उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले द्वारा दिखाए गए समानता के मार्ग पर चलेगी। ज्योतिराव फुले ने जातिगत भेदभाव के खिलाफ लड़ाई लड़ी, समानता की वकालत की और वंचित समुदायों के सशक्तीकरण के लिए काम किया। उन्हें और सावित्रीबाई फुले को भारत में महिला शिक्षा का अग्रदूत माना जाता है। आधुनिक भारत की पहली शिक्षिका मानी जाने वाली सावित्रीबाई फुले की जयंती पर पश्चिमी महाराष्ट्र के सतारा जिले में उनके जन्मस्थान नायगांव में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री फडणवीस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता छगन भुजबल और राज्य मंत्री अतुल सावे मौजूद थे।

फडणवीस ने अपने संबोधन में कहा, ''राज्य सरकार फुले द्वारा दिखाए गए समानता के मार्ग पर काम करेगी। इस गांव के सरपंच द्वारा की गई मांग जल्द ही पूरी की जाएगी। अगले छह वर्षों में हम सावित्रीबाई फुले की 200वीं जयंती मनाएंगे। इससे पहले उनके स्मारक का काम पूरा हो जाना चाहिए। हम इस परियोजना के लिए पर्याप्त धनराशि सुनिश्चित करेंगे।'' उन्होंने कहा, राज्य और देश में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण होगा।

# जम्मू में पार्किंग को लेकर हुए विवाद में भाजपा नेता को मारी गोली

**जम्मू/भाषा।** जम्मू में शुक्रवार को पार्किंग मुद्दे को लेकर हुए विवाद के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक युवा नेता को गोली मार दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। जम्मू में भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष कनव शर्मा गोली लगने से घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कनव के पिता वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्र मोहन शर्मा ने मीडिया को बताया कि उनकी हालत स्थिर है। कनव न्यू प्लॉट क्षेत्र में अपने घर के पास अपना वाहन पार्क कर रहे थे, तभी कुछ लोगों ने इस पर आपत्ति जताई और दोनों पक्षों के बीच बहस शुरू हो गई। चंद्र मोहन शर्मा के मुताबिक, बहस कर रहे लोगों में से एक व्यक्ति ने अपनी रिवॉल्वर निकाली और दो राउंड गोली चलाई, जिसमें से एक कनव को लगी। कनव जम्मू में मादक पदार्थ विरोधी अभियान में सक्रिय रूप से शामिल रहे हैं। पुलिस ने आरोपी की मोटरसाइकिल जब्त कर ली है और गोलीबारी में शामिल लोगों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# नवी मुंबई में मोटरसाइकिल सवार दो लोगों ने ठेकेदार पर बरसाईं गोलियां, गंभीर रूप से घायल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** नवी मुंबई के सानपाड़ा इलाके में शुक्रवार को गोलीबारी की घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक मोटरसाइकल सवार दो लोगों ने कम से कम चार राउंड गोलियां चलाईं।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सुबह करीब 9.30 बजे सानपाड़ा में डी-मार्ट के पास हुई, जब पीड़ित राजाराज ठोके सड़क किनारे खड़ी अपनी कार में चाय पी रहे थे। राजाराज वाशी एपीएमसी में कचरा संग्रहण एजेंसी का ठेकेदार है। पुलिस अधिकारी ने कहा, ''मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात व्यक्ति उनकी गाड़ी के पास आए और आग्नेयास्त्र से चार-पांच राउंड गोलियां चलाईं। नजदीक से गोली चलाने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए।'' उन्होंने बताया कि इस घटना में व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना के बाद स्थानीय पुलिस के साथ-साथ अपराध शाखा के दल मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। उन्होंने बताया कि हमलावरों तलाश शुरू कर दी गई है और पुलिस आरोपियों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर रही है।



# 'प्रेशर बम' में विस्फोट होने से तीन जवान घायल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बीजापुर/भाषा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में 'प्रेशर बम' में विस्फोट होने से सुरक्षाबल के तीन जवान घायल हो गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत तोड़का गांव के करीब प्रेशर बम में विस्फोट होने से जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के तीन जवान घायल हो गए हैं। उन्होंने बताया कि आज डीआरजी के दल को माओवादी विरोधी अभियान पर रवाना किया गया था। दल जब अभियान से वापस हो रहा था तब तोड़का गांव के करीब माओवादियों द्वारा लगाए गए 'प्रेशर बम' में विस्फोट हो गया। इस घटना में तीन जवान घायल हो गए।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना के बाद जवानों को वहां से बाहर निकाला गया तथा स्थानीय अस्पताल में ले जाया गया। उन्होंने बताया कि जवानों को हल्की चोट आई है तथा वह खतरे से बाहर हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी है।

**मुलाकात** — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



शुक्रवार को चेन्नई में मुख्य सचिवालय में मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सी.टी. सेल्वम् का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री एमके स्टालिन। सेल्वम ने मुख्यमंत्री मुलाकात की और वर्ष 2023-24 के लिए तमिलनाडु पुलिस आयोग की सिफारिश रिपोर्ट सौंपी। इस मौके पर मुख्य सचिव ना. मुरुगानंदम, अतिरिक्त मुख्य सचिव, गृह मंत्रालय, धीरज कुमार, ईपीए, पुलिस महानिदेशक शंकर जीवाल आदि उपस्थित थे।

## उत्पीड़न मामला

# छात्रा के लिए न्याय की मांग कर रहीं भाजपा कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com





**चेन्नई।** अन्ना विश्वविद्यालय परिसर में यौन उत्पीड़न की शिकार छात्रा के लिए न्याय की मांग करते हुए मदुरै से चेन्नई तक रैली निकालने का प्रयास कर रहीं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महिला मोर्चा की नेताओं को शुक्रवार को पुलिस ने हिरासत में ले लिया या कुछ महिला नेताओं को घर में 'नजरबंद' कर दिया। पार्टी नेता खुशबू सुंदर, तमिलनाडु महिला मोर्चा अध्यक्ष उमराथी राजन, भाजपा विधायक डॉ. सी. सरस्वती और कई महिला सदस्यों को चेन्नई में प्रदर्शन का प्रयास करते समय हिरासत में लिया गया। खुशबू और उमराथी राजन ने पुलिस कार्रवाई की निंदा की और कहा कि उन्हें पीड़िता के लिए न्याय की यात्रा शांतिपूर्ण तरीके से निकालने से रोका गया।

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महासचिव बी. एल. संतोष ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की आलोचना करते हुए कहा, तमिलनाडु में संविधान और लोकतंत्र के तथाकथित रक्षकों के शासन में यह स्थिति है। अन्ना विश्वविद्यालय में दुष्कर्म की घटना के विरोध में मदुरै-चेन्नई पदयात्रा निकाल रहीं महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए उन्हें नजरबंद कर दिया गया।

मदुरै में बड़ी संख्या में भाजपा महिला कार्यकर्ताओं ने छात्रा के समर्थन में प्रदर्शन किया। एक महिला कार्यकर्ता ने तमिल महाकाव्य सिलापथिकारम की पात्र कण्णगि (जिसने न्याय की मांग की थी) की तरह खुद को सजाया और क्रिसमस की पूर्व संध्या पर विश्वविद्यालय परिसर में यौन उत्पीड़न का शिकार हुई 19 वर्षीय छात्रा के लिए न्याय की मांग की। भाजपा के राज्य प्रमुख के. अन्नामलाई ने सोशल मीडिया मंच एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, न्याय की मांग करने वाली हमारी आवाज को दबाने के लिए द्रमुक सरकार द्वारा किए गए प्रयासों के बावजूद भाजपा की हमारी बहादुर बहनें मदुरै में एकत्र हुई हैं।''

अन्नामलाई ने एक अन्य पोस्ट में घर पर नजरबंद महिला नेताओं की तस्वीरें साझा की और कहा कि तमिलनाडु में इस द्रमुक सरकार के तहत, हिस्ट्रीशीटर और यौन अपराधी खुलेआम घूमते हैं' लेकिन लोगों की आवाज उठाने के लिए भाजपा पदाधिकारियों को लगातार परेशान किया जा रहा है। तमिलनाडु और कर्नाटक के भाजपा के राष्ट्रीय सह प्रभारी डॉ. पोंगुलेटी सुधाकर रेड्डी ने कहा कि शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शनों का यह दमन, पीड़ितों के साथ खड़े होने में द्रमुक सरकार की विफलता को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन को नैतिक जिम्मेदारी लेनी चाहिए और मामले को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपना चाहिए या छात्रा पर यौन उत्पीड़न की निष्पक्ष जांच के लिए मौजूदा एक न्यायाधीश का गठन करना चाहिए।



# सीवीआरडीई में डीआरडीओ स्थापना दिवस मनाया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** अवाड़ी स्थित सीवीआरडीई ने 67वां डीआरडीओ स्थापना दिवस शुक्रवार को मनाया। नई दिल्ली में डीआरडीओ के लोगों को सचिव डीडी आरएंडडी और अध्यक्ष, डीआरडीओ डॉ समीर वी कामत ने संबोधित किया। चेन्नई में अर्जुन ऑडिटोरियम में इसका सीधा प्रसारण किया गया।

डीआरडीओ अध्यक्ष ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया और पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम को पुष्पांजलि अर्पित की। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए, सचिव डीडी आरएंडडी ने वर्ष 2024 में डीआरडीओ द्वारा हासिल की गई प्रमुख उपलब्धियों को सामने रखा और आगे कहा कि डीआरडीओ को देश की भविष्य की चुनौतियों का सामना करने और प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए निजी उद्योगों के सहयोग से विशिष्ट प्रौद्योगिकियों को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। सचिव डीडी आरएंडडी के संबोधन के पूरा होने के बाद, जे राजेशकुमार, उत्कृष्ट वैज्ञानिक और निदेशक, सीवीआरडीई ने वरिष्ठ वैज्ञानिकों/अधिकारियों के साथ अर्जुन ऑडिटोरियम में एलटी (जोरावर) के स्केल डाउन मॉडल का अनावरण किया। यह कार्यक्रम सीवीआरडीई समारोह समिति और 22वीं कार्य समिति द्वारा आयोजित किया गया था।

# रेलवे अस्पताल में एमओटी और आईसीयू काम्पलेक्स का हुआ उद्घाटन

### रेलवे बोर्ड के महानिदेशक डॉ. मानसिंह ने किया उद्घाटन



**चेन्नई।** दक्षिण रेलवे ने पेरंबूर में नवनिर्मित दक्षिण रेलवे मुख्यालय अस्पताल में अत्याधुनिक मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर (एमओटी) और गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) कॉम्प्लेक्स के उद्घाटन के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। इस सुविधा का उद्घाटन रेलवे बोर्ड के रेलवे स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक डॉ. मान सिंह ने शुक्रवार को किया। इस अवसर पर दक्षिण रेलवे के महाप्रबंधक आरएन सिंह, रेलवे बोर्ड के प्रधान कार्यकारी निदेशक (स्वास्थ्य) डॉ. एम. रवींद्रन, दक्षिण रेलवे के प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. सीएम रवि, रेलवे अस्पताल, पेरंबूर की प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. कल्याणी साईं धंदापानी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) एसके मौर्य, चेन्नई डिवीजन के मंडल रेल प्रबंधक बी. विश्वनाथ ईर्या उपस्थित थे।

कार्यक्रम में बोलते हुए डॉ. मान सिंह ने अस्पताल की उन्नत क्षमताओं पर प्रकाश डाला और अस्पताल में पोस्ट ग्रेजुएट संस्थान स्थापित करने की योजना साझा की। उन्होंने कॉर्पोरेट स्वास्थ्य सेवा मानकों से मेल खाने के लिए रोबोटिक सर्जरी शुरू करने की क्षमता पर भी जोर दिया।

दक्षिण रेलवे के महाप्रबंधक आर.एन. सिंह ने रेलवे कर्मचारियों, उनके परिवारों और गैर-रेलवे रोगियों के लाभ के लिए इस विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे का इष्टतम उपयोग करने की आवश्यकता दोहराई। उन्होंने कैंसर के उपचार के लिए सेवाओं को बढ़ाने और अतिरिक्त राजस्व उत्पन्न करने के लिए पुराने अस्पताल परिसर में पीपीपी मॉडल के तहत ऑन्कोलॉजी और रेडियोथेरेपी सेवाएं विकसित करने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने उल्लेख किया कि नई सुविधा से रेलवे के रोगियों को कैंसर चिकित्सा के लिए लाभ होगा और आम जनता को भी सस्ती कीमत पर इलाज मिल सकेगा।

**नया मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर और आईसीयू कॉम्प्लेक्स :** वर्ष 2005-2006 में स्वीकृत पेरांबूर में नया अस्पताल परिसर 14 एकड़ में फैला हुआ है, जिसका निर्मित क्षेत्रफल 52,905 वर्ग मीटर है, जिसमें 600 बिस्तरों की व्यवस्था की गई है। मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर परिसर में 15 पूर्ण मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर हैं, जो कार्डियक सर्जरी, ऑर्थोपेडिक्स, न्यूरो-सर्जरी, नेत्र विज्ञान, ईएनटी, प्रसूति और सामान्य तथा लेप्रोस्कोपिक सर्जरी जैसी विशेषज्ञताओं को पूरा करते हैं।

## आधुनिक समय में आपाताकाल शैली का उत्पीड़न, लोग माफ नहीं करेंगे द्रमुक को

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** तमिलनाडु भाजपा प्रवक्ता ए.एन.एस.प्रसाद द्वारा जारी एक बयान में द्रविड़ मॉडल के द्रमुक शासन द्वारा महिलाओं के अधिकारों के खिलाफ अत्याचार के चलते तथा उत्पीड़कों का समर्थन करने वाली सरकार को तमिलनाडु की महिलाएं उखाड़ फेंकेंगी। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों से डीएमके सरकार के तहत महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं। सभी आयु वर्ग की महिलाएं और लड़कियां- छोटे बच्चे, कॉलेज की छात्राएं, मध्यम आयु वर्ग की महिलाएं और बुजुर्ग- इस शासन के तहत प्रशासनिक विफलताओं और पुलिस की लापरवाही के कारण लगातार पीड़ित हैं। यह एक आवर्ती मुद्दा बन गया है।

प्रसाद ने कहा कि तमिलनाडु के लोग, जो बहुत लंबे समय से धैर्य रखते आ रहे हैं, अब विरोध में अपनी आवाज उठा रहे हैं। अन्ना विश्वविद्यालय में एक छात्रा के साथ यौन उत्पीड़न की घटना ने उनके गुस्से को भड़का दिया है, और वे दृढ़ संकल्प के साथ न्याय की मांग करने के लिए सड़कों पर उतर आए हैं। तमिलनाडु भाजपा नेता अन्नामलाई के लगातार विरोध प्रदर्शनों ने इस बात पर जोर दिया है कि महिलाओं के खिलाफ द्रमुक की हिंसा को खत्म करना सभी की जिम्मेदारी है। इसे समझते हुए, सामाजिक कल्याण संगठन, कॉलेज के छात्र, राजनीतिक दल और महिला अधिकार समूह विरोध करने के लिए एक साथ आए हैं। हालांकि, डीएमके सरकार असहमति को दबाने के लिए पुलिस बल का इस्तेमाल करते हुए गैरकानूनी तरीकों से इन विरोधों को दबाने का प्रयास कर रही है।

आज, जब तमिलनाडु भाजपा महिला मोर्चा (महिला विंग) न्याय की मांग करते हुए मदुरै से चेन्नई तक एक लंबा मार्च शुरू करने वाली थी, तो राष्ट्रीय कार्यकारी समिति की सदस्य खुशबू सुंदर और तमिलनाडु भाजपा महिला मोर्चा की नेता उमा राठी को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके अलावा, विरोध प्रदर्शन में भाग लेने के लिए मदुरै जा रही राज्य भर की महिलाओं को रोक दिया गया और रात भर हिरासत में रखा गया। तमिलनाडु भाजपा और अन्य विपक्षी दलों के खिलाफ गिरफ्तारी, धमकी और झूठे मामलों जैसे दमनकारी हथकंडे अपनाना द्रमुक सरकार के लिए आपातकाल की यादें ताजा करता है।



# पुडुचेरी के उपराज्यपाल ने पांडिचेरी विश्वविद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम का उद्घाटन किया

**चेन्नई।** पांडिचेरी विश्वविद्यालय ने अपने रजत जयंती परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित करके पर्यावरण स्थिरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। इस पहल का उद्देश्य चक्रवात फेंगल के कारण खोए हुए हरित क्षेत्र को बहाल करना था, जिसने 104 पेड़ों को उखाड़ दिया था, और परिसर में जैव विविधता को बढ़ावा देना था। इस अभियान के तहत 1,040 पौधे लगाए गए। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के. कैलाशनाथन, आईएएस (सेवानिवृत्त), पुडुचेरी के उपराज्यपाल और पांडिचेरी विश्वविद्यालय के मुख्य रेक्टर ने किया। अपने भाषण में के. कैलाशनाथन ने जलवायु परिवर्तन से निपटने और प्राकृतिक आपदाओं के खिलाफ़ लचीलापन मजबूत करने में वनरोपण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने पारिस्थितिकी संतुलन को बहाल करने में विश्वविद्यालय के सक्रिय उपायों की सराहना की।

समारोह की अध्यक्षता मुख्य अतिथि पी.एम.एल. कल्याणसुंदरम, विधान सभा सदस्य (कालापेट), और प्रो. के. थारानिक्करसु, कुलपति (प्रभारी), पांडिचेरी विश्वविद्यालय ने की। पी.एम.एल. कल्याणसुंदरम ने शिक्षा को ठोस पर्यावरणीय कार्यों के साथ एकीकृत करने के विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने युवाओं से संरक्षण प्रयासों में सक्रिय रूप से शामिल होने का आग्रह किया, तथा इस बात पर जोर दिया कि पर्यावरण की देखभाल एक सतत जिम्मेदारी है। प्रो. के. थारानिककारसु ने स्थिरता को एक मुख्य मूल्य के रूप में विश्वविद्यालय के समर्पण को दोहराया। उन्होंने कहा कि 1,040 पौधों का रोपण न केवल खोई हुई चीज़ों को बहाल करने की दिशा में एक कदम है, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक हरा-भरा परिसर बनाने की प्रतिबद्धता भी है। विशेष आमंत्रित अतिथि डॉ. अरुलराजन, आईएफएस, वन संरक्षक-सह-मुख्य वन्यजीव वार्डन, पुडुचेरी सरकार ने क्षेत्रीय जैव विविधता को बनाए रखने और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में वनीकरण के महत्व पर बल दिया।

ग्रीन कैंपस के विशेष अधिकारी डॉ. मथिमरन नटराजन ने वृक्षारोपण अभियान के रणनीतिक महत्व के बारे में जानकारी दी। चक्रवात फेंगल के बाद की स्थिति पर विचार करते हुए उन्होंने कहा, यह पहल खोए हुए पेड़ों को बदलने से कहीं अधिक है; यह एक स्थायी भविष्य की नींव रखने के बारे में है। उन्होंने पारिस्थितिकी बहाली और जलवायु लचीलेपन के लिए विश्वविद्यालय के व्यापक दृष्टिकोण पर भी जोर दिया। इस कार्यक्रम में प्रो. क्लेमेंट एस. लूर्डेस, निदेशक (संस्कृति एवं सांस्कृतिक संबंध), प्रो. रजनीश भूटानी, रजिस्ट्रार (प्रभारी), डॉ. एम. विजयकुमार, विश्वविद्यालय पुस्तकालयाध्यक्ष तथा संकाय सदस्यों, अधिकारियों, कर्मचारियों और छात्रों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई। पौधे लगाने के सामूहिक प्रयास ने पर्यावरण संरक्षण और स्थिरता के प्रति साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

# वेल्लोर में द्रमुक सांसद कथिर आनंद के ठिकानों पर ईडी रेड



**चेन्नई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को डीएमके सांसद कथिर आनंद के पांच ठिकानों पर रेड डाली। यह छापेमारी सुबह शुरू हुई और अब भी जारी है। ईडी के अधिकारियों ने अभी तक इस संबंध में मीडिया को कोई बयान नहीं दिया है।

कथिर आनंद तमिलनाडु में सत्तारूढ़ डीएमके के वरिष्ठ नेता और स्टालिन सरकार में दूसरे नंबर के मंत्री एस. दुरईमुरुगन के बेटे हैं। दुरई मुरुगन डीएमके महासचिव हैं और मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के करीबी माने जाते हैं। वह संसद में वेल्लोर लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। द्रमुक की मानें तो इस छापेमारी के जरिए ईडी पार्टी को निशाना बनाने की कोशिश कर रही है। इस छापेमारी का संबंध 2019 में इनके खिलाफ दर्ज मामले से जुड़ा बताया जा रहा है। बता दें कि 2019 में चुनाव आयोग (ईसीआई) ने वेल्लोर लोकसभा सीट पर चुनाव रद्द करने की सिफारिश की थी। इस सिफारिश के बाद तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने इस पर कार्रवाई की और वेल्लोर का चुनाव रद्द कर दिया। दरअसल, चुनाव के दौरान चुनाव आयोग ने कथिर आनंद के घर और अन्य स्थानों से 11 करोड़ रुपये की बेहिसाब नकदी जब्त की थी। इसके बाद, 16 अप्रैल को चुनाव रद्द किया गया था। 5 अगस्त 2019 को फिर से चुनाव हुआ। इस बार डीएमके के उम्मीदवार कथिर आनंद ने एआईएडीएमके के ए.सी. शनमुघम को 8,141 वोटों के छोटे अंतर से हराया। 2024 में कथिर आनंद फिर जीते। उन्होंने ए.सी. शनमुघम को 2,15,702 वोटों के बड़े अंतर से हराया था। सूत्रों के मुताबिक, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के दिशा-निर्देशों के कथित उल्लंघन और 200 रुपये के नोटों को 500 व 1,000 रुपये के नोटों से बदलने में बैंक अधिकारियों द्वारा धोखाधड़ी से संबंधित इस मामले में तमिलनाडु के जल संसाधन मंत्री और कुछ अन्य लोगों की कथित संलिप्तता का आरोप है।

## जयपुर में रिमोट पायलट प्रशिक्षण संगठन स्थापित करेंगे गरुड़ एयरोस्पेस और आरईआईएल

**चेन्नई।** ड्रोन विनिर्माता गरुड़ एयरोस्पेस ने जयपुर में रिमोट पायलट प्रशिक्षण संगठन स्थापित करने के लिए राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रूमेंट्स लिमिटेड (आरईआईएल) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। गरुड़ एयरोस्पेस ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि इस प्रशिक्षण सुविधा का उद्देश्य नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) मानकों के अनुरूप व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान कर विभिन्न क्षेत्रों में कुशल ड्रोन संचालकों की बढ़ती मांग को पूरा करना है। कंपनी ने बयान में कहा कि यह समझौता ड्रोन प्रौद्योगिकी और प्रशिक्षण में गरुड़ एयरोस्पेस की विशेषज्ञता और राजस्थान में आरईआईएल के बुनियादी ढांचे और पहुंच के बीच रणनीतिक सहयोग को दर्शाता है। बयान के अनुसार, गरुड़ एयरोस्पेस की क्षमताओं को आरईआईएल के स्थापित बुनियादी ढांचे और उपस्थिति के साथ जोड़कर क्षेत्रीय पायलट प्रशिक्षण संगठन, प्रभावी प्रशिक्षण वितरण के लिए एक मजबूत मंच प्रदान करेगा। कंपनी ने कहा कि यह साझेदारी व्यक्तियों को सशक्त बनाने और उद्योगों को आधुनिक बनाने के लिए गरुड़ एयरोस्पेस की प्रतिबद्धता को बताती है।

# केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने एनआईईपीएमडी का दौरा किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने शुक्रवार को चेन्नई में राष्ट्रीय बहु-दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान (एनआईईपीएमडी) का दौरा किया। अपने दौरे के दौरान मंत्री ने एनआईईपीएमडी को प्रदान किया गया प्रतिष्ठित राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (एनएएसी) प्रमाणन जारी किया, जो बहु-दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने में उत्कृष्टता की दिशा में संस्थान की यात्रा में एक मील का पत्थर साबित हुआ। उन्होंने ऑटिज्म के प्रबंधन पर एक ई-बुक भी जारी की।

इसके अलावा, डॉ. वीरेंद्र कुमार ने एनआईईपीएमडी परिसर में राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) केंद्र का उद्घाटन किया।

इस केंद्र का उद्देश्य विकलांग व्यक्तियों के लिए समावेशी शिक्षा की सुविधा प्रदान करना है, यह सुनिश्चित करना है कि उन्हें उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और कौशल विकास के अवसर प्राप्त हों। मंत्री ने एनआईईपीएमडी में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले और इस वर्ष के पैरालिंपिक में पदक जीतने वाले बहु-विकलांग खिलाड़ियों से बातचीत की और उन्हें बधाई दी। उन्होंने उनकी दृढ़ता की सराहना की और प्रतिभाओं को निखारने तथा खेलों में समावेशिता को बढ़ावा देने में संस्थान के प्रयासों की सराहना की।

# कोयंबटूर में एलपीजी टैंकर हादसे का शिकार





दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोयंबटूर।** केरल के कोच्चि से एलपीजी गैस लेकर गांधीपुरम की ओर लौट रहा एलपीजी टैंकर कोयंबटूर में हादसे का शिकार हो गया है। शुक्रवार सुबह टैंकर पलट गया जिससे गैस का रिसाव होने लगा। ऐहतियातन इलाके के स्कूलों को बंद करा दिया गया है। भारत कंपनी का टैंकर कोयंबटूर के उप्पिलीपलायम फ्लाईओवर के पास पलट गया।

गैस रिसाव के कारण ट्रक में सवार लोगों ने तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने पानी का छिड़काव कर स्थिति पर काबू पाने की कोशिश की है। इस बीच, पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए फ्लाईओवर पर यातायात रोक दिया है। साथ ही यातायात को वैकल्पिक मार्ग से डायवर्ट कर दिया गया है।

उम्मीद की जा रही है कि इस काम को पूरा होने में और भी समय लगेगा। उम्मीद है कि बड़ी दुर्घटना तभी टलेगी, जब सारी गैस निकल जाएगी या पानी में मिल जाएगी। बता दें कि हादसे की सूचना मिलने के बाद वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और गैस कंपनी के इंजीनियर घटनास्थल पर पहुंच गए हैं और मामले की जांच कर रहे हैं। हालांकि, शुक्रवार सुबह हुई इस दुर्घटना के कारण बड़ी क्षति टल गई है, लेकिन क्रेन जैसे वाहन भी मौके पर बुलाए गए हैं। इसके अलावा दुर्घटना स्थल के 500 मीटर के दायरे में सभी स्कूलों को आज के लिए बंद कर दिया गया है। जिला कलेक्टर क्रांति कुमार पाडी ने इसकी घोषणा की है। दिसंबर 2024 में ही एक बड़े एलपीजी टैंकर हादसे ने देश को हिला कर रख दिया था। जयपुर-अजमेर हाईवे पर एक एलपीजी टैंकर में धमाका हुआ था, जिसमें 15 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी। कई जिंदा जल गए थे। वो हादसा बेहद भयानक था। तब एक ट्रंक ने एलपीजी टैंकर को टक्कर मार दी थी, जिसके बाद हुए धमाका हुआ और एक-एक कर 34 वाहन चपेट में आ गए थे।

**पुरस्कार** — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



चेन्नई में शुक्रवार को जल संसाधन मंत्री दुरईमुरुगन ने 6 सुव्यवस्थित बांधों के लिए सर्वश्रेष्ठ बांध रखरखाव पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर डॉ. के. मणिवासन, अतिरिक्त मुख्य सचिव, जल संसाधन विभाग, ई.ए.पी., प्रधान मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग और मुख्य अभियंता (सामान्य) एस. मनमधन, त्रिची जोन के मुख्य अभियंता दयालाकुमार उपस्थित थे।







# भजन लाल ने जयपुर शहर में रैन बसेरे का किया निरीक्षण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार देर रात को जयपुर शहर में जरूरतमंद एवं निराश्रितों के लिए अल्बर्ट हॉल के नजदीक संचालित रैन बसेरे में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जयपुर शहर में संचालित समस्त रैन बसेरों में विश्राम करने एवं शयन की आवश्यकता से रूकने वाले जरूरतमंदों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएं। उन्होंने रैन बसेरों में साफ-सफाई का भी विशेष ध्यान रखने एवं एंट्री रजिस्टर को अच्छे से मेंटेन करने के निर्देश दिए। उन्होंने जेएलएन मार्ग पर सड़क किनारे रह रहे निराश्रित लोगों एवं दिव्यांगों को सर्दी से बचाव के लिए कंबलों का वितरण किया।

उन्होंने सभी से आत्मीयता से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम भी पूछी और राज्य सरकार द्वारा हरसंभव सहयोग देने के लिए उन्हें आश्वस्त भी किया। इसके बाद शर्मा ने कहा कि तेज सर्दी में किसी को परेशानी नहीं हो, इसके लिए मुख्यमंत्री सहायता केन्द्रों के माध्यम से लोगों की मदद की जा रही है और नगर निगम ने रैन बसेरे की बहुत अच्छी व्यवस्था की है तथा रैन बसेरे में रुके लोगों से बात की गई, उन्हें खाना भी अच्छा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे मौसम में उन लोगों को आगे आने की जरूरत है जिनके पास गर्म कपड़े, कंबल एवं रजाई उनके काम नहीं आ रहे हैं, समाज का दायित्व है कि हम जरूरतमंद की मदद करें और इसके प्रति योगदान होना चाहिए। मुख्यमंत्री के निरीक्षण के दौरान नगर निगम ग्रेटर के उप महापौर पुनीत कर्णावट सहित अधिकारी मौजूद थे।

# कुछ हिस्सों में शीतलहर और कोहरा का प्रकोप जारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के कुछ हिस्सों में सर्दी और कोहरे का प्रकोप शुक्रवार को भी जारी रहा तथा वनस्थली में राज्य का सबसे कम न्यूनतम तापमान 5.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार, राज्य के कुछ स्थानों पर घना से लेकर अति घना कोहरा छाया रहा। विभाग के अनुसार, राज्य के एकमात्र पर्वतीय पर्यटक स्थल माउंट आबू में शुक्रवार सुबह न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मैदानी इलाकों में श्रीगंगानगर में 6.1 डिग्री, अलवर में 6.2 डिग्री, नागौर में 6.3 डिग्री, पिलानी में 6.4 डिग्री, चित्तौड़गढ़ और अंता बारां में 6.5 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया।

राज्य भर के अधिकतर प्रमुख शहरों में न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। राज्य की राजधानी जयपुर में शुक्रवार की सुबह 8.8 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। विभाग ने आगामी दिनों में राज्य में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना के साथ कड़ाके की सर्दी से राहत मिलने की संभावना जताई हैं।

# बाघ ने वन विभाग के वाहन पर हमला किया

जयपुर/दक्षिण भारत। राजस्थान में दौसा जिले के महुखुर्द गांव में महिला समेत तीन लोगों को घायल करने वाले बाघ को पकड़ने गई वन विभाग की टीम के वाहन पर उसने (बाघ ने) हमला कर दिया लेकिन कोई चोटिल नहीं हुआ। एक अधिकारी के अनुसार इस दौरान वाहन का कांच टूट गया लेकिन किसी कर्मचारी को चोट नहीं आई है। दौसा के जिला वन अधिकारी केतन कुमार ने बताया कि बुधवार रात बाघ ने एक खेत में वन विभाग की टीम के वाहन पर हमला कर दिया लेकिन किसी को चोट नहीं आई है। कुमार के अनुसार 22 माह के बाघ (एसटी-2402) को टीम ने बृहस्पतिवार सुबह अलवर के करणपुरा में तलाश किया। उसके पैरों के निशान सरसों के खेत में पाये गये। बाघ अलवर से आगे की ओर निकल गया है आज रात टीम उसे पकडने की कोशिश कर रही है। दौसा और अलवर जिले के गांवों में पिछले दो दिनों से बाघ (एसटी-2402) की दहशत है और सरिस्का और रणथंभौर बाघ अभ्यारण्य की टीम बाघ को बेहोश कर पकडने की कोशिश कर रही हैं। दरअसल, बाघ ने बुधवार को दौसा के महुखुर्द गांव में एक महिला समेत तीन लोगों पर हमला कर दिया था। रात में यह बाघ दौसा से निकलकर अलवर के करणपुरा गांव में पहुंच गया। वन विभाग के बांदीकुई (दौसा) के रेंजर दीपक शर्मा ने बताया कि बृहस्पतिवार को भी बाघ की 'लोकेशन' के आधार पर उसकी तलाश की गई। शर्मा ने बताया कि सरिस्का और रणथंभौर से आई टीम ने महुखुर्द के आसपास और पलासन नदी क्षेत्र में बाघ को तलाश किया, लेकिन उसे पकड़ा नहीं जा सका।

# कांग्रेस और माकपा के नेताओं को शेखावाटी के मान-सम्मान की नहीं चिंता : सरस्वती

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)के नेता एवं पूर्व लोकसभा सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने सीकर में कांग्रेस और मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी (माकपा) के नेताओं द्वारा राज्य सरकार पर लगाए गए आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा है कि कांग्रेस और माकपा के नेताओं को शेखावाटी क्षेत्र के मान-सम्मान की कोई चिंता नहीं हैं जबकि भाजपा शासन में ही इस क्षेत्र का विकास हुआ और इसे उचित सम्मान मिला हैं। स्वामी सरस्वती ने अपने बयान में कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने पूर्व सरकार द्वारा बनाए गए नए जिलों की समीक्षा के लिए एक समिति का गठन किया। उस समिति द्वारा जिलों की स्थिति की विस्तृत समीक्षा के बाद दिए गए सुझावों के आधार पर ही राज्य सरकार ने उचित निर्णय लिया है।



उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजनैतिक लाभ लेने के लिए आनन-फानन में नए जिलों की घोषणा की। उन्होंने इस संदर्भ में रामलुभाया समिति की रिपोर्ट का ठीक प्रकार से अध्ययन तक नहीं किया। उन्होंने कहा कि आज शेखावाटी क्षेत्र की चिंता करने वाले कांग्रेस और माकपा के नेता तब कहां गए थे जब यमुना जल बंटवारे का मुद्दा वर्षों से लंबित चल रहा था और यहां की जनता प्यासी मर रही थी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विजन तथा भाजपा ने ही पहल करते हुए यमुना जल समझौता और कुंभाराम लिफ्ट कैनाल जैसे प्रोजेक्ट को धरातल पर उतारने के लिए कार्य किया।

सुमेधानंद सरस्वती ने कहा कि शेखावाटी के बेटे एवं उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी भाजपा के शासन में ही इस उच्च संवैधानिक पद पर पहुंचे जबकि शेखावाटी की आन-बान-शान की बात करने वाले कांग्रेस और कम्युनिस्ट नेताओं द्वारा राज्यसभा में उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया, तब कांग्रेसी नेता एवं तीनों सांसद मौन रहे। क्या तब उनको शेखावाटी का अपमान नजर नहीं आया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासन में देशभर में ब्रॉडगेज रेलवे लाइन का नेटवर्क बिछने के बाद भी शेखावाटी क्षेत्र इससे वंचित रहा जबकि भाजपा के शासन में ही यह कार्य पूर्ण हुआ।

उन्होंने शेखावाटी के मान-सम्मान के प्रति भाजपा को पूरी तरह संवेदनशील बताते हुए कहा मैंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से गुरूवार को मुलाकात की है। उन्होंने मुझे भरोसा दिलाया है कि शेखावाटी और नीमकाथाना क्षेत्र के विकास में कहीं कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।



# सर्वांगीण विकास के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध : शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार आमजन को सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य और आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न विकास कार्यों के माध्यम से अंत्योदय के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन विकास कार्यों को पूरा करने की टाइमलाइन निर्धारित कर इन्हें समय से पूरा जाए। शर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित सांगानेर विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। समीक्षा बैठक के दौरान ऊर्जा विभाग, पीडब्ल्यूडी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, राजस्व, पीएचईडी, स्वायत्त शासन, जल संसाधन एवं नगरीय विकास विभाग से संबंधित विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने सभी विभागों को आपस में समन्वय बना कर कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी विभाग अपने प्रोजेक्ट्स की नियमित मॉनिटरिंग करें ताकि आमजन को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को प्रतापनगर में 132 केवी जीएसएस का निर्माण तथा विद्युत लाइनों को भूमिगत करने के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीडब्ल्यूडी एवं एनएचएआई आपस में समन्वय बनाते हुए भांकरोटा फ्लाईओवर को शीघ्र पूरा करें जिससे यातायात व्यवस्था सुचारू हो सके। उन्होंने पीडब्ल्यूडी को 200 फीट चौराहे पर बनने वाले फ्लाईओवर, अंडरपास एवं बीलवा फ्लाईओवर के गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रीको पुलिया से रेलवे फाटक मालपुरा तक सड़क चौड़ाईकरण का कार्य शीघ्र पूरा करें जिससे यातायत सुगम हो।

शर्मा ने कहा कि पृथ्वीराज नगर परियोजना के अंतर्गत अभियान चलाकर जल कनेक्शन के लंबित आवेदनों को समयबद्ध निस्तारित करें। उन्होंने अमृत 2.0 के अंतर्गत जयपुर नगर निगम क्षेत्र में पेयजल वितरण प्रणाली के सुदृढीकरण एवं सुधार कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पेयजल कनेक्शन प्राप्त करने की प्रक्रिया का सरलीकरण हो जिससे आमजन को सुगमता से कनेक्शन मिल सके। उन्होंने कहा कि सांगानेर स्टेडियम का विकास एवं सौंदर्यीकरण एवं सिटी बस स्टैण्ड सर्किल पर कियोस्क हटाकर सुलभ शौचालय बनाने का कार्य समय से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि पुराने नियमों में वर्तमान आवश्यकता एवं परिस्थितियों के अनुसार संशोधन किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि संबंधित विभाग सांगानेर विधानसभा क्षेत्र के सभी विकास कार्यों को इंगित करते हुए कार्ययोजना तैयार करें। जिसमें सड़क, अस्पताल, सीवरेज लाइन तथा विकसित होने वाली अन्य जन-सुविधाएं दर्शायी गई हों। जिससे कार्यों की समीक्षा आसानी से त्वरित की जा सके। उन्होंने कहा कि सांगानेर में पुरातत्व महत्व के दरवाजों के आसपास अतिक्रमण को हटाया जाए तथा इनके सौन्दर्यीकरण कार्य परकोटे के दरवाजों के अनुरूप किये जाएं। साथ ही, इनकी बुकलेट बनाकर भी प्रकाशित करें।

शर्मा ने कहा कि जयपुर की बढ़ती आबादी के चलते एक उचित नगरीय प्लानिंग करें, जिससे बढ़ते संसाधनों के दबाव का समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि नगरीय विकास विभाग अपने सभी विकास कार्यों को समयबद्ध रूप से पूरा करें।

पृथ्वीराज नगर में समुचित ड्रेनेज एवं सीवरेज कार्य, तथा द्रव्यवती नदी के आसपास भू-जल स्तर को बढ़ाने हेतु अण्डर वाटर रिचार्ज की सुविधा वाले स्थानों से मलबा हटवाने व मरम्मत का कार्य भी शीघ्र किया जाए। बैठक में सांगानेर क्षेत्र में जिला अस्पताल, नवीन रेलवे स्टेशन के विकास कार्य, विभिन्न सड़क निर्माण, मुहाना मोड पर ओवरब्रिज, खुली जेल को अन्यत्र स्थानांतरित करने, गुलर बांध की मरम्मत एवं जीर्णोद्धार सहित विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की गई।



# पर्यटन स्थलों पर दबाव कम करने के लिए वैकल्पिक डेस्टिनेशन विकसित करेंगे : शेखावत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जोधपुर। केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत आज जोधपुर पहुंचे, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत किया। जोधपुर एयरपोर्ट पर स्वागत के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने देश के पर्यटन क्षेत्र में किए जा रहे नवाचार और विकास योजनाओं पर प्रकाश डाला।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि देश के पर्यटकों का ध्यान अन्य स्थलों की ओर आकर्षित करना और किया जा रहा है। इस पहल के तहत नए क्षेत्रों को विकसित करने और मौजूदा पर्यटक स्थलों के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने पर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने राज्यों के साथ मिलकर वैकल्पिक डेस्टिनेशन डेवलपमेंट की योजनाएं शुरू की हैं। इसका उद्देश्य मौजूदा पर्यटन स्थलों पर दबाव कम कर पर्यटकों का ध्यान अन्य स्थलों की ओर आकर्षित करना है।

शेखावत ने कहा कि भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था ने देश और विदेश दोनों में भारत को लेकर उत्सुकता बढ़ाई है। उन्होंने बताया कि मध्यम वर्ग की बढ़ती क्षमता के चलते लोग अब अधिक संख्या में पर्यटन के लिए समय निकाल रहे हैं। उन्होंने कहा, भारत में धार्मिक स्थलों, प्राकृतिक संसाधनों और अन्य ऐतिहासिक स्थलों की ओर पर्यटकों का रुझान तेजी से बढ़ रहा है। आने वाले समय में यह गति और तेज होगी।

उन्होंने जानकारी दी कि पाली में 300 करोड़ रुपये की परियोजना स्वीकृत की गई है। इस परियोजना का उद्देश्य पर्यटकों के लिए सुविधाएं बढ़ाना और क्षेत्र में पर्यटन को प्रोत्साहन देना है। उन्होंने कहा कि पर्यटन स्थलों पर बढ़ते दबाव के कारण इंफ्रास्ट्रक्चर संकट उत्पन्न होता है।

इसे देखते हुए सरकार ने पर्यटन स्थलों पर सुविधाओं के विस्तार और सुधार के लिए विशेष प्रयास शुरू किए हैं। राज्यों के साथ मिलकर पर्यटकों की बढ़ती संख्या को समायोजित करने और उनके अनुभव को बेहतर बनाने के लिए काम किया जा रहा है। नए पर्यटन स्थलों के विकास और मौजूदा स्थलों के विस्तार से न केवल पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था और रोजगार में भी सुधार होगा।




# राज्यपाल ने स्वामी ब्रह्मानंद महाराज विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा कार्यक्रम में भाग लिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागड़े ने संभाजी नगर स्थित स्वामी ब्रह्मानंद महाराज विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास से जुड़े कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को खूब पढ़ने और जीवन में निरंतर आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रमाण पत्र भी प्रदान किए। बाद में वह ब्रह्मानंद सरस्वती महाराज संस्थान पीठ भी गए और संतों से आशीर्वाद लिया। संभाजी नगर में उन्होंने स्थानीय कार्यक्रमों में भी भाग लिया।

राज्यपाल बागडे ने सावित्रीबाई फुले जयंती के अवसर पर ग्राम पंचायत कार्यालय सावंगी में सावित्रीबाई फुले अभ्यास केंद्रों का भी लोकार्पण किया। उन्होंने सावित्री बाई फुले को याद करते हुए उन्हें नमन किया। बाद में उन्होंने नारी शिक्षा के लिए किए उनके क्रांतिकारी कार्यों से प्रेरणा लेने का आह्वान करते इन अभ्यास केंद्रों के जरिए शिक्षा के प्रभावी प्रसार पर जोर दिया।

# डोटासरा तड़प रहे हैं कि कैसे माल खाएं : मदन दिलावर

जयपुर, । प्रदेश के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा उलूल-जुलूल बयान देते रहते हैं। इनकी सरकार में जब जिले बनाने की चर्चा आयी तो अपना दिमाग नहीं लगाया। ना किसी एक्सपर्ट से राय ली। केवल राजनैतिक लाभ लेने के लिए उन्होंने एक-एक विधानसभा क्षेत्र का भी जिला बना दिया।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एक्सपर्ट से राय ली और कमेटी बनाई, फिर मंत्रीमण्डलीय उपसमिति बनाई, सबसे विचार-विमर्ष करने के बाद जो सलाह आई, उसके आधार पर नवीन जिलों पर फैसला लिया गया। जो कि पूर्ण रूप से सही है। कांग्रेस यह फैसला पचा नहीं पा रही है। इसलिए ज्यादा उछल-कूद कर रही है। उपचुनाव में कांग्रेस को सिर्फ एक सीट मिली है। इसलिए बेचारे उलूल-जुलूल बयानबाजी कर रहे हैं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के काम और फैसले लेने की स्पीड से कांग्रेस घबराई हुई है।



# महिलाओं की सुरक्षा के लिए कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की शुरुआत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चित्तौड़गढ़। राजस्थान पुलिस की ओर से शहर चित्तौड़गढ़ में महिला सुरक्षा के लिए कालिका पेट्रोलिंग यूनिट शुरू हो गई है। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने जिले को आवंटित छः स्कुटी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह यूनिट महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा के लिए पेट्रोलिंग करेगी। पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि महिला सशक्तिकरण और महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों की रोकथाम ले लिए राजस्थान सरकार ने हर जिले में कालिका पेट्रोलिंग यूनिट बनाने का फैसला लिया है। इसका मकसद महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों को रोकना है। यूनिट महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा के लिए पेट्रोलिंग करेगी। छेड़छाड़, लूटपाट और उत्पीड़न करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। जिला पुलिस महिला सुरक्षा को लेकर गंभीर है। इसी क्रम में शुक्रवार को छः स्कूटी को हरी झंडी दिखाकर यूनिट की शुरुआत की गई। ये स्कूटी शहर में गश्त करेंगी और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगी।

कालिका पेट्रोलिंग यूनिट महिलाओं और लड़कियों के लिए एक सुरक्षा कवच की तरह काम करेगी। यूनिट के सदस्य शहर में लगातार गश्त करेंगे। वे छेड़छाड़, लूटपाट और उत्पीड़न जैसे अपराधों पर नज़र रखेंगे। ऐसी घटनाओं में तुरंत कार्रवाई की जाएगी। इससे महिलाएं और लड़कियां बेझिझक बाहर निकल सकेंगी और सुरक्षित महसूस करेंगी।

एएसपी (सिकाउ) मुकेश सांखला ने बताया कि यह यूनिट दो पारियों में सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक व दोपहर 1 बजे से सांय 7 बजे तक शहर में गश्त करेगी। यूनिट मुख्य रूप से स्कूल, कॉलेज, बाजार, धार्मिक स्थल, पार्क, बस स्टैंड जैसे सार्वजनिक स्थानों, भीड़-भाड़ वाले स्थान व अन्य संवेदनशील स्थानों पर युवतियों व महिलाओं के साथ होने वाली छेड़छाड़, छींटाकशी, चेन स्नैचिंग सहित अन्य घटनाओं की प्रभावी रोकथाम करेगी। यूनिट में शामिल महिला पुलिसकर्मी को स्कूटी, हेलमेट, वायरलेस सेट, नीली वर्दी मिली है। शहर के बालिकाओं के स्कूलों में शिकायत पेटिका की व्यवस्था को चालू किया जायेगा, जिसमें स्कूली बालिकाएं गुप्त रूप से अपनी शिकायत का पत्र लिख कर उसमें डाल सकती हैं।

# उदयपुर में ट्रेलर ने ऑटो को मारी टक्कर, पांच की मौत

उदयपुर । राजस्थान के उदयपुर के गोगुंदा में भीषण सड़क हादसा हो गया। भीलवाड़ा हाईवे पर एक ट्रेलर ने ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि ऑटों में सवार कई यात्री घायल हो गए। हादसा ट्रेलर के ब्रेक फेल होने के कारण होना बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार गोगुंदा पिंडवाड़ा हाईवे के करीब सालरिया गांव से एक टेंपो सांवरिया लेकर मालवा का चौराहे की तरफ जा रहा था। इस दौरान हाइवे पर एक ट्रेलर के ब्रेक फेल हो गए। जिससे चालक ने ट्रेलर पर नियंत्रण खो दिया और वह आगे चल रहे सवारियों से भरे टेंपो से टकरा गया। ट्रेलर के टेंपो की टक्कर से टेंपो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में टेंपो सवार चार महिलाओं समेत एक नाबालिग बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस और हाईवे पेट्रोलिंग टीम तुरंत मौके पर पहुंची। जिसके बाद घायलों को अस्पताल भिजवाया गया। पुलिस के अनुसार, टेंपो में सवार लोग ज्यादातर लोग मजदूरी का काम करते हैं। वह सुबह गांव से मजदूरी करने के लिए टेंपो में सवार होकर निकले थे। रास्ते में ट्रेलर ने टेंपो को टक्कर मार दी।

# अंडमान-निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप का विकास मोदी सरकार की प्राथमिकता : अमित शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र शासित प्रदेश अंडमान-निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप में बुनियादी ढांचे का विकास और पर्यटन सुविधाएं बढ़ाना नरेन्द्र मोदी सरकार की प्राथमिकता है।

एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, शाह ने यहां दिल्ली में द्वीप विकास एजेंसी (आईडीए) की सातवीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह भी कहा कि केंद्र सरकार इन द्वीपों की संस्कृति और विरासत का संरक्षण करते हुए वहां विकास कार्यों को गति दे रही है।

विज्ञप्ति के अनुसार, गृह मंत्री ने अंडमान-निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप में जारी विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा, ''ये द्वीप भले ही दिल्ली से दूर हैं लेकिन हमारे दिल के पास हैं, वहां के आधारभूत ढांचे का विकास और पर्यटन सुविधाएं बढ़ाना सरकार की प्राथमिकता है।''

शाह ने इस बात पर जोर दिया कि दोनों द्वीप समूहों में आधारभूत ढांचे के विकास से संबंधित परियोजनाओं पर समग्र दृष्टि से काम किया जाना चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार के सभी संबंधित मंत्रालयों से अंडमान-निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप में पर्यटन, व्यापार और अन्य क्षेत्रों से जुड़ी परियोजनाओं पर मिलकर काम करने को कहा। उन्होंने लंबित मुद्दे के समाधान और जारी परियोजनाओं को पूरा करने में तेजी लाने के लिए स्पष्ट निर्देश भी जारी किए।

शाह ने दोनों द्वीप समूहों में 'पीएम सूर्य घर' योजना के तहत सभी घरों में सौर ऊर्जा के पैनल लगाए जाने के महत्व का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अंडमान-निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप में सोलर पैनलों और पवन चक्कियों के जरिये शत प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा हासिल करने का लक्ष्य होना चाहिए।

## ईडी ने ''मनमाना रवैया'' अपनाया, हरियाणा के पूर्व कांग्रेस विधायक की गिरफ्तारी अवैध : उच्चतम न्यायालय



**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने हरियाणा के पूर्व कांग्रेस विधायक सुरेंद्र पंवार से लगभग 15 घंटे की पूछताछ के दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के रवैये को ''मनमाना'' और ''अमानवीय'' बताया तथा नेता की गिरफ्तारी को अवैध करार देने वाले आदेश को बरकरार रखा। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि यह ईडी अधिकारियों का ''अमानवीय आचरण'' है क्योंकि यह मामला किसी आतंकवादी गतिविधि से संबंधित नहीं है, बल्कि कथित अवैध रेत खनन से संबंधित है।

पीठ ने कहा, ''इस तरह के मामले में लोगों के साथ ऐसा व्यवहार नहीं किया जाना चाहिए। आपने एक व्यक्ति को बयान देने के लिए वस्तुतः मजबूर किया है।''

पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की याचिका को खारिज करते हुए कहा, ''हम उच्च न्यायालय के इस निष्कर्ष में हस्तक्षेप करने के इच्छुक नहीं हैं कि प्रतिवादी की गिरफ्तारी अवैध थी।'' उसने कहा कि उच्च न्यायालय के निष्कर्ष केवल यह तय करने के लिए थे कि पंवार की गिरफ्तारी अवैध थी या नहीं।



## ओडिशा के मुख्यमंत्री ने बेमौसम बारिश को 'प्राकृतिक आपदा' घोषित किया, किसानों को मुआवजा मिलेगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने पिछले वर्ष दिसंबर में हुई बेमौसम बारिश को शुक्रवार को प्राकृतिक आपदा घोषित किया, ताकि बेमौसम बारिश के कारण फसलों को हुए नुकसान के लिए किसानों को राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ) से मुआवजा वितरित किया जा सके।

यहां 'कृषि ओडिशा कॉन्क्लेव 2025' को संबोधित करते हुए माझी ने कहा कि बेमौसम बारिश के कारण जिन किसानों की 33 प्रतिशत या उससे अधिक फसल बर्बाद हुई है, उन्हें राहत संहिता के प्रावधानों के अनुसार सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष से लगभग 291 करोड़ रुपए की सहायता दी जाएगी। उन्होंने कहा, ''राज्य में बेमौसम बारिश प्राकृतिक आपदाओं की सूची में नहीं थी। हालांकि, फसल के नुकसान और किसानों की दिक्कतों को ध्यान में रखते हुए, हमारी सरकार आज राज्य में बेमौसम बारिश को प्राकृतिक आपदा घोषित करती है, ताकि राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष से मुआवजा वितरित किया जा सके।''

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिलाधिकारियों के अनुसार, 20 से 28 दिसंबर, 2024 के बीच बारिश के कारण अब तक 6,66,720 किसानों ने 33 प्रतिशत या उससे अधिक फसल के नुकसान की सूचना दी है।

## प.बंगाल : स्कूल में नौकरी के इच्छुक अभ्यर्थियों ने कोलकाता में किया प्रदर्शन



**कोलकाता/भाषा।** स्कूल में नौकरी के इच्छुक सैकड़ों अभ्यर्थियों ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल शिक्षा विभाग के मुख्यालय 'विकास भवन' के बाहर प्रदर्शन किया और शीघ्र नियुक्ति की मांग की, क्योंकि 2016 में भर्ती परीक्षा पास करने के बावजूद कानूनी विवाद के कारण उन्हें नौकरी नहीं मिली है। उस वर्ष 25,000 से अधिक रिक्त पदों के लिए 23 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने राज्य स्तरीय चयन परीक्षा (एसएलएसटी) दी थी। हालांकि 25,753 नियुक्ति पत्र जारी किए गए थे, लेकिन पिछले साल अप्रैल में कलकत्ता उच्च न्यायालय ने इन नियुक्तियों को अमान्य कर दिया था।

बाद में उच्चतम न्यायालय ने आदेश पर रोक लगा दी और कहा कि वह मामले की सुनवाई करेगा। प्रदर्शनकारियों में से एक उज्वल सामंत ने संवाददाताओं से कहा, एसएलएसटी 2016 परीक्षा में 25,753 उम्मीदवारों में से अधिकतर उत्तीर्ण हुए थे। हालांकि, कानूनी विवाद के कारण उन्हें नौकरी नहीं मिली। हम कब तक इंतजार करेंगे? हम चाहते हैं कि अनिश्चितता समाप्त हो और हम काम पर लगें। एक अन्य अभ्यर्थी मीनाक्षी धारा ने कहा कि 25,000 से अधिक अभ्यर्थियों में से कुछ ही लोगों पर परीक्षा में अनुचित साधन अपनाने का आरोप लगाया गया था, लेकिन खामियाजा सभी को भुगतना पड़ रहा है। प्रदर्शनकारियों में से एक ने सार्वजनिक रूप से अपना सिर भी मुंडवा लिया।

## बीपीएससी विवादः प्रशांत किशोर का आमरण अनशन जारी,सांसद पप्पू के समर्थकों ने रेल सेवा बाधित की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**पटना/भाषा।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 13 दिसंबर को आयोजित 70वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगी परीक्षा (सीसीई) को रद्द करने की मांग को लेकर जन स्वराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर का गांधी मैदान में आमरण अनशन शुक्रवार को भी जारी रहने के साथ निर्दलीय सांसद पप्पू यादव के समर्थकों ने रेल यातायात बाधित किया और वामपंथी छात्र संगठनों ने मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया।

बीपीएससी की 13 दिसंबर को आयोजित 70वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगी परीक्षा का कथित तौर पर पेपर लीक होने पर इस परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर पिछले दो सप्ताह से पटना के गर्दनीबाग में प्रदर्शनकारियों द्वारा धरना प्रदर्शन जारी है। इस बीच आयोग के बापू परीक्षा केंद्र में इस परीक्षा में शामिल हुए 10000 से अधिक अभ्यर्थियों के लिए नए सिरे से परीक्षा आयोजित कराए जाने में अब 24 घंटे से भी कम समय बचा है, ऐसे में निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने अपने समर्थकों के साथ पटना के कई हिस्सों के साथ-साथ अररिया, पूर्णिया, मुजफ्फरपुर आदि सहित राज्य के विभिन्न हिस्सों में रेल और सड़क यातायात को अवरुद्ध कर दिया।

पुलिस ने बताया कि यादव के समर्थकों ने हाल ही में आयोजित बीपीएससी की परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर पटना के सचिवालय हॉल्ट रेलवे स्टेशन पर रेल रोको अभियान चलाया। एक अधिकारी ने बताया कि वे सचिवालय हॉल्ट रेलवे स्टेशन पर एकत्र हुए और कुछ समय के लिए पटरियों पर बैठ गए, जिससे ट्रेन की आवाजाही में देरी हुई।

यादव के समर्थकों ने पूर्णिया और पटना में सड़कों पर टायर जलाए और यातायात को भी बाधित किया।

पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्रा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, शुक्रवार सुबह करीब नौ बजे सचिवालय हॉल्ट स्टेशन पर प्रदर्शनकारियों ने बक्सर-फतुहा पैसेंजर ट्रेन को रोक दिया। ट्रेन 20 मिनट तक रुकी रही और उसके बाद स्टेशन से रवाना हुई।

## कासगंज के बहुचर्चित चंदन हत्याकांड में 28 लोगों को आजीवन कारावास की सजा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ (उप्र)/भाषा।** राष्ट्रीय अन्वेषण एजेंसी (एनआईए) की विशेष अदालत ने शुक्रवार को कासगंज के बहुचर्चित चंदन गुप्ता हत्याकांड में 28 लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

एनआईए अदालत के विशेष न्यायाधीश विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने शुक्रवार को चंदन गुप्ता हत्याकांड में 28 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और प्रत्येक पर 80-80 हजार रुपए जुर्माना लगाया। इसके पहले अदालत ने बृहस्पतिवार को 28 आरोपियों को दोषी करार दिया था। चंदन की 26 जनवरी, 2018 को मोटरसाइकिल पर तिरंगा यात्रा के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। सरकारी वकीलों के मुताबिक, 26 जनवरी, 2018 की सुबह चंदन गुप्ता अपने भाई विवेक गुप्ता और अन्य साथियों के साथ गणतंत्र दिवस पर तिरंगा यात्रा में जा रहा था। जैसे ही जुलूस तहसील मार्ग पर जीजीआईसी के गेट के पास पहुंचा, सलीम, वसीम, नसीम और अन्य लोगों के एक समूह ने रास्ता रोककर जुलूस को आगे नहीं बढ़ने दिया। जब चंदन गुप्ता ने इसको लेकर आपत्ति जताई तब स्थिति बिगड़ गई और इन आरोपियों ने जुलूस में शामिल लोगों पर पथराव करने के साथ गोलीबारी शुरू कर दी। मुख्य आरोपियों में से एक सलीम ने चंदन गुप्ता पर गोली चला दी जिससे चंदन घायल हो गया। चंदन का भाई और अन्य साथी उसे कासगंज थाना ले गए जहां से उसे तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में उसकी मौत हो गई। अदालत ने दो आरोपियों- नसीरुद्दीन और असीम कुरैशी को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया।



## यूनियन कार्बाइड अपशिष्ट निपटानः पीथमपुर में दो प्रदर्शनकारियों ने खुद को आग लगाई, अस्पताल में भर्ती

**धार (मध्यप्रदेश)/भाषा।** औद्योगिक शहर पीथमपुर में 337 टन यूनियन कार्बाइड अपशिष्ट के नियोजित निपटान के खिलाफ शुक्रवार को बंद के आह्वान के बीच दो लोगों ने कथित तौर पर खुद को आग लगा ली जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों और घटनास्थल पर बनाए गए वीडियो के अनुसार, धार जिले के शहर में अपशिष्ट निपटान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान दो लोगों ने अपने शरीर पर कुछ तरल पदार्थ डाला और खुद को आग लगा ली।

धार के पुलिस अधीक्षक मनोज सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' के फोन का जवाब नहीं दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि दोनों लोगों को अस्पताल ले जाया गया। पीथमपुर बचाओ समिति द्वारा आहूत बंद के बीच शहर में दुकानें और बाजार बंद रहे। समिति का दावा है कि क्षेत्र में कार्बाइड अपशिष्ट के नियोजित दहन से स्थानीय लोगों और पर्यावरण को नुकसान होगा।

इंदौर से करीब 30 किलोमीटर दूर स्थित पीथमपुर की आबादी करीब 1.75 लाख है और पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में तीन सेक्टरों में करीब 700 कारखाने हैं। वर्ष 1984 में दो और तीन दिसंबर की मध्य रात्रि को भोपाल में यूनियन कार्बाइड कीटनाशक कारखाने से मिथाइल आइसोसाइनेट (एमआईसी) गैस लीक हुई थी, जिससे कम से कम 5,479 लोगों की मौत हो गई थी और हजारों लोग गंभीर और दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं। अधिकारियों ने कार्बाइड कारखाने के 337 टन कचरे को वैज्ञानिक निपटान के लिए पीथमपुर पहुंचाया है। हालांकि, इस कदम के विरोध में प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। कचरा बृहस्पतिवार को पीथमपुर स्थित एक भस्मीकरण इकाई में लाया गया।

## खेल रत्न पुरस्कार सबसे बड़ी उपलब्धि लेकिन काफी कुछ हासिल करना बाकी : हरमनप्रीत




दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** ओलंपिक पदक के बाद खेल रत्न पुरस्कार के लिए चुने जाने से उत्साहित भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि यह सम्मान उनकी 'शानदार' यात्रा की मान्यता है जिसमें उन्हें भविष्य में बहुत कुछ हासिल करना है।

पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली निशानेबाज मनु भाकर, शतरंज के विश्व चैंपियन डी गुकेश, हरमनप्रीत और पैरालंपिक ऊंची कूद के स्वर्ण विजेता प्रवीण कुमार को खेल मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को 2024 मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के लिए चुना है। हरमनप्रीत ने कहा, '' यह मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान है। यह मेरे लिए एक बड़ी उपलब्धि है। मैं वास्तव में बहुत खुश हूं। ऐसा लगता है कि यह मेरे जीवन का सबसे अच्छा हिस्सा है। मुझे इतना बड़ा पुरस्कार और मान्यता मिल रही है।''

पेरिस ओलंपिक में सबसे ज्यादा 10 गोल करने वाले इस 28 साल के खिलाड़ी का करियर उपलब्धियों से भरा रहा है। वह पेरिस से पहले टोक्यो में कांस्य पदक जीतने वाली टीम के भी सदस्य थे। उन्होंने 2016 में जूनियर विश्व कप में स्वर्ण, राष्ट्रमंडल खेलों में रजत, एशियाई खेलों में स्वर्ण और कांस्य के अलावा चैंपियंस ट्रॉफी में दो रजत पदक जीते है।

हरमनप्रीत ने पिछले वर्ष सहित तीन बार एफआईएच साल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता है। वह हालांकि इन उपलब्धियों से संतुष्ट नहीं है और अभी करियर में काफी कुछ हासिल करना चाहते हैं। हरमनप्रीत ने कहा, ''अपनी पूरी यात्रा में मैंने बहुत कुछ सीखा है, मैंने जीत और हार सहित कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। मुझे हालांकि लगता है कि आप केवल उन अनुभवों से सीखते हैं। पहले दिन से मेरी मानसिकता खुद को बेहतर करने की रही है।'' हरमनप्रीत का अंतरराष्ट्रीय करियर 2014 में शुरू हुआ था। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय टीम के साथी खिलाड़ियों को दिया। भारतीय कप्तान ने कहा, '' हम जो भी हासिल कर रहे हैं वह एक टीम के रूप में कर रहे हैं। मेरी यात्रा बहुत दिलचस्प रही है, मुझे व्यक्तिगत मान्यताएं और पुरस्कार मिल रहे हैं लेकिन यह केवल मेरे साथी खिलाड़ियों के कारण संभव हो पाया है।''




## मणिपुर में कुकी-जो क्षेत्रों में आर्थिक नाकेबंदी जारी, कांगपोकपी में बंद

**चुराचांदपुर (मणिपुर)/भाषा।** कांगपोकपी जिले के एक गांव में महिलाओं पर सुरक्षा बलों की कथित कार्रवाई के विरोध में शुक्रवार को मणिपुर के कुकी-जो आबादी वाले इलाकों में एक आदिवासी निकाय द्वारा आर्थिक नाकेबंदी की गयी। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

एक अन्य संगठन, कमेटी ऑन ट्राइबल यूनिटी (सीओटीयू) ने भी सैबोल गांव में 31 दिसंबर को महिलाओं पर कथित लाठीचार्ज के विरोध में जिले में 24 घंटे का बंद रखा। आदिवासी निकाय कुकी-जो काउंसिल ने कहा कि आदिवासी अधिकारों और सम्मान की उपेक्षा के विरोध में दो जनवरी की आधी रात शुरू हुई आर्थिक नाकेबंदी शुक्रवार देर रात तक जारी रहेगी। संगठन ने कहा कि नाकाबंदी के दौरान कुकी-जो आबादी वाले इलाकों से वाहनों के गुजरने और आवश्यक वस्तुओं का परिवहन प्रतिबंधित रहेगा। आदिवासी निकाय के अध्यक्ष हेनलिएनथांग थांगलेट ने कहा कि अगर सुरक्षा बलों द्वारा कथित लाठीचार्ज में घायल महिलाओं को मुआवजा नहीं दिया गया तो कुकी-जो काउंसिल विरोध तेज करेगी।



## जम्मू कश्मीर में सामान्य स्थिति अभी पूरी तरह बहाल नहीं हुई है : उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर/भाषा।** जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में अभी तक सामान्य स्थिति पूरी तरह बहाल नहीं हुई है क्योंकि आतंकवादी हमले जारी हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि शांति स्थापित करने के प्रयास जारी हैं। अब्दुल्ला की यह टिप्पणी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उस बयान के एक दिन बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि अनुच्छेद 370 ने कश्मीर के युवाओं के मन में अलगाववाद के बीज बोए थे और नरेन्द्र मोदी सरकार ने न केवल घाटी में आतंकवाद को समाप्त किया बल्कि आतंक के पारिस्थितिकी तंत्र को भी खत्म किया। अब्दुल्ला ने संवाददाताओं से कहा, मैं उस (शाह के बयान) पर कुछ नहीं कहना चाहता। (लेकिन), आज भी कुछ जगहों से हमले की खबरें आती हैं। जम्मू-कश्मीर में आज भी सामान्य स्थिति पूरी तरह से बहाल नहीं हुई है।

## पंजाब और हरियाणा में छाया घना कोहरा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चंडीगढ़/भाषा।** पंजाब और हरियाणा में शुक्रवार को घना कोहरा छाया रहा जबकि क्षेत्र में न्यूनतम तापमान सामान्य सीमा के आसपास रहा। मौसम विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि दोनों राज्यों के बड़े हिस्से में पिछले कुछ दिनों से घना कोहरा छाया हुआ है, जिससे अधिकांश स्थानों पर दृश्यता में कमी आई है। चंडीगढ़ में सुबह घना कोहरा छाया रहा और न्यूनतम तापमान 10.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य सीमा से तीन डिग्री अधिक था। उन्होंने बताया कि दोनों राज्यों में अधिकांश स्थानों पर न्यूनतम तापमान सामान्य के आसपास रहा।

हरियाणा के अंबाला में न्यूनतम तापमान 10.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि करनाल में न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रोहतक में न्यूनतम तापमान 9.2 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि नारनौल और हिसार सर्द रहे और यहां न्यूनतम तापमान क्रमशः 4.2 डिग्री और 5.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बताया कि पंजाब के अमृतसर में न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक 7.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि लुधियाना में 8.4 डिग्री सेल्सियस, पटियाला में 8.2 डिग्री सेल्सियस, फरीदकोट में 6.8 डिग्री सेल्सियस और बरनाला में 7.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। श्री आनंदपुर साहिब में न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि बठिंडा और गुरदासपुर में न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# साल बदला, हाल नहीं, किंग कोहली फिर नाकाम, भारतीय पारी 185 रन पर सिमटी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**सिडनी/भाषा।** रोहित शर्मा ने भले ही टीम के हित में खुद को बाहर रखने का फैसला किया लेकिन नये साल में भी भारतीय बल्लेबाजों का हाल नहीं बदला और आस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और आखिरी टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को पूरी टीम 185 रन पर आउट हो गई ।

खराब फॉर्म और तकनीकी कमजोरियों से जूझ रहे विराट कोहली 69 गेंद में 17 रन बनाकर आउट हुए । आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंद उन्हें लगातार परेशान करती आ रही है और यहां भी उन्होंने अपना विकेट आसानी से गंवा दिया । पहले दिन का खेल समाप्त होने पर आस्ट्रेलिया ने एक विकेट पर नौ रन बनाये थे। कार्यवाहक कप्तान जसप्रीत बुमराह ने खराब फॉर्म से जूझ रहे उस्मान ख्वाजा (दो) को पवेलियन भेज दिया । युवा सैम कोंस्टास सात रन बनाकर खेल रहे थे जिन्होंने बुमराह को पहली गेंद पर चौका लगाया । बुमराह और कोंस्टास के बीच हल्की बहस भी देखी गई । इससे पहले बुमराह ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन भारतीय बल्लेबाजों को अति रक्षात्मक खेलने का खामियाजा भुगतना पड़ा।

आस्ट्रेलिया के लिये स्कॉट बोलैंड ने 20 ओवर में 31 रन देकर चार विकेट लिये जबकि मिचेल स्टार्क ने 18 ओवर में 49 रन देकर तीन विकेट चटकाये । कप्तान पैट कमिंस को दो विकेट मिले । रोहित का मैच से बाहर रहने का फैसला जहां भविष्य को ध्यान में रखकर लिया गया , वहीं लगातार खराब खेल रहे कोहली को टीम में बनाये रखने का कारण समझ में नहीं आया । कोहली के पास पारंपरिक प्रारूप की टीम में अपनी जगह बनाये रखने के लिये अब बस एक पारी बची है । अगर पर्थ टेस्ट के शतक को छोड़ दिया जाये तो कोहली ने पिछली 20 टेस्ट पारियों में सिर्फ 17 . 57 की औसत से रन बनाये हैं । कोहली पहली ही गेंद पर आउट होने से बच गए लेकिन इसका फायदा नहीं उठा सके और लंच के बाद स्कॉट बोलैंड ने ही उन्हें आफ स्टम्प से बाहर गेंद डालकर स्लिप में लपकवाया । कोहली के आने पर दर्शकों ने एक बार फिर हूटिंग की । वह बोलैंड की गेंद पर आउट होने से बाल बाल बचे ।

## रोहित शर्मा का चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद भारतीय टीम के लिए भविष्य अधर में

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**सिडनी/भाषा।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हालिया मेलबर्न टेस्ट पारंपरिक प्रारूप में भारत के लिए रोहित शर्मा की संभवतः आखिरी उपस्थिति थी, लेकिन यह देखना दिलचस्प होगा कि सीमित ओवरों का यह दिग्गज खिलाड़ी अगले महीने होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के बाद भी क्या राष्ट्रीय टीम के लिए अपनी सेवाएं जारी रखने में सफल रहेगा।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यहां खेले जा रहे पांचवें टेस्ट में रोहित की गैरमौजूदगी को 'विश्राम' करार दिया गया लेकिन मेलबर्न में खेले गये चौथे टेस्ट के बाद से ही उनके टीम से बाहर होने की चर्चा थी। पिछले 17 साल से भारतीय टीम के लिए इस खेल के विभिन्न प्रारूपों में अपना सब कुछ झोंकने वाले रोहित का राष्ट्रीय टीम के लिए भविष्य बहुत उत्साहजनक नहीं दिख रहा है। उन्होंने वैसे भी इस साल की शुरुआत में वेस्टइंडीज में आईसीसी विश्व कप में भारत की जीत के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले लिया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला के बाद चयनकर्ता निश्चित रूप से रोहित और विराट कोहली के नामों पर चर्चा कर भविष्य का खाका तैयार करेंगे। भारतीय टीम को अब घरेलू सरजमीं पर इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवर प्रारूप में द्विपक्षीय श्रृंखला के बाद यूएई में चैम्पियंस ट्रॉफी खेलनी है। कोहली के टेस्ट करियर का भविष्य काफी हद तक सिडनी में दूसरी पारी पर निर्भर करेगा। वह अगर इस बार भी विफल रहे तो उन्हें इंग्लैंड दौरे पर खेली जाने वाली पांच मैचों की श्रृंखला के लिए ले जाना मुश्किल होगा।''

## सुविचार

**अगर एक बार गोता लगाने से तुम्हें मोती न मिले, तुम्हें ये निष्कर्ष नहीं निकालना चाहिए कि समुद्र में रत्न नहीं होते।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# ऑनलाइन बाजार, संभावनाएं अपार

छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के आदिवासियों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों का ऑनलाइन बाजार में मशहूर होना सुखद है। इससे लोगों के लिए रोजगार के अवसरों का सृजन हो रहा है, वहीं ग्राहकों को अच्छी गुणवत्ता का सामान मिल रहा है। जशपुर के आदिवासियों की यह उपलब्धि सर्वसमाज के लिए प्रेरणादायक है। देश के अन्य जिलों को भी ऑनलाइन माध्यम से रोजगार के ऐसे अवसरों का सृजन करना चाहिए। जशपुर जिले में कैमोमाइल चाय, ढेकी कुटा चावल, देसी गाय का शुद्ध घी और महुआ गोंद के लड्डू जैसे उत्पाद अपनी गुणवत्ता के लिए जाने जाते हैं। पहले, इनकी मांग एक क्षेत्र तक सीमित थी। अब ऑनलाइन बाजार ने नई संभावनाएं पैदा कर दी हैं। गौर करेंगे तो पाएंगे कि ऐसे कई उत्पाद हर जिले में तैयार किए जा सकते हैं। अगर उनकी गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखते हुए ऑनलाइन बिक्री की जाए तो एक नया ग्राहक वर्ग तैयार हो सकता है। देश में ऐसे बहुत लोग हैं, जो अच्छी गुणवत्ता की चीजों के लिए ज्यादा कीमत चुकाने के लिए तैयार हैं। गांव के खेतों और जंगलों पर आधारित ऐसे बहुत उत्पाद तैयार किए जा सकते हैं, जिनमें युवा जरा-सी दिलचस्पी लें तो उनसे संबंधित व्यवसाय को बहुत आगे लेकर जा सकते हैं। इसके लिए घर-घर तक ऐसी सोच का प्रसार करना होगा। पिछले दिनों चीन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर बहुत देखा गया था, जिसमें एक युवती को अपने गांव में रहते हुए करोड़ों रुपए का व्यवसाय करते हुए दिखाया गया था। वे अपने घर में नए-नए कपड़ों के साथ वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करतीं, जहां से उन्हें ऑनलाइन ऑर्डर मिलते और चाहा गया उत्पाद ग्राहक के पते पर भेज दिया जाता। छोटे-से गांव में रहते हुए ऑनलाइन व्यवसाय करना उनके लिए काफी आसान है।

इसी तरह यूट्यूब पर एक युवती अपने खास हुनर की वजह से बहुत चर्चा में हैं। उन्हें विभिन्न तरह के मोटे धागों से बैग बनाने में महारत हासिल है, जो दिखने में बहुत आकर्षक लगते हैं। उनके द्वारा बनाए गए ये बैग युवतियों के बीच खूब पसंद किए जाते हैं। उन्होंने भी सोशल मीडिया को प्रचार-प्रसार का जरिया बनाया है। वहां से उन्हें बहुत ऑर्डर मिलते हैं और सामान ग्राहक के पते पर भेज दिया जाता है। क्या ऐसा प्रयोग हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले अन्य युवा नहीं कर सकते? भारत तो विभिन्न कलाओं की भूमि है। यहां के गांव-गांव में ऐसी चीजें हैं, जिनका सही इस्तेमाल किया जाए तो रोजगार के द्वार खुल सकते हैं। दुर्भाग्य की बात है कि हमारी इस संपदा की ओर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जाता। अगर कोई युवा ऐसा कुछ करना चाहता है तो समाज में उसे प्रोत्साहित करने वाले कम और हतोत्साहित करने वाले ज्यादा मिलते हैं। अमेरिका, चीन, जापान, जर्मनी जैसे देशों में युवा कुछ नया सोचते हैं, अनूठा करते हैं और वे दुनिया पर छा जाते हैं। इन देशों के अरबपतियों की सूची देखें तो पता चलेगा कि उनमें से ज्यादातर को विरासत में बहुत बड़ी दौलत नहीं मिली थी। इंटरनेट की दुनिया में जो क्रांति आई है, क्या उसे अमेरिका को अलग रखते हुए देखा जा सकता है? पिछले 20 वर्षों में हमारे जीवन में तकनीकी स्तर पर जो बदलाव आए हैं, उनके पीछे उन युवाओं की मेहनत है, जिन्होंने कुछ नया सोचा, अनूठा काम किया और अमेरिका ने उन्हें इसके लिए माहौल दिया। अगर वैसा माहौल भारतीय युवाओं को यहां मिल जाता तो हमारा देश बहुत आगे होता। भारतीय युवा बहुत प्रतिभावान और मेहनती हैं। इन्हें सही दिशा, अच्छा माहौल और उचित प्रशिक्षण मिल जाए तो ये किसी से कम नहीं हैं।

## ट्वीटर टॉक



किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का अनशन 38 दिन से जारी है परन्तु ना तो पंजाब सरकार और ना ही केन्द्र सरकार उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंतित है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा कड़ी टिप्पणियों के बावजूद उनके अनशन को समाप्त करवाने के लिए कोई प्रभावशाली तरीके से प्रयास नहीं किया जा रहा है।

**–अशोक गहलोत**



माँ केवल जीवनदायिनी नहीं, बल्कि संवेदना, स्नेह और त्याग की प्रतिमूर्ति है। उनके स्वास्थ्य की देखभाल करना पूजा के समान है। तृतीय चरण में समाज के हर अभावग्रस्त परिवार की महिला तक पहुंच कर उन्हें सुपोषित बनाना हमारा लक्ष्य है।

**–ओम बिरला**



होटल फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान और कोटा व्यापार महासंघ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित 'हाड़ौती पर्यटन विकास पर संवाद एवं स्वागत समारोह' में सम्मिलित होकर हाड़ौती क्षेत्र को एक प्रमुख पर्यटन स्थल बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं और उपायों पर विचार-विमर्श किया गया।

**–दीया कुमारी**

## प्रेरक प्रसंग

# मानवीय नजरिया

एक दिन प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्रीजी का ड्राइवर निश्चित समय पर नहीं पहुंचा। शास्त्री जी ने अपनी फाइल उठाई और पैदल ही दफ्तर की ओर चल दिए। जैसे ही यह सूचना सचिवालय में पहुंची, वहां पर भगदड़ मच गई। ड्राइवर को जैसे ही यह ज्ञात हुआ वह परेशानी भरे स्वर में बोला, 'मुझसे बहुत भारी भूल हो गई। दरअसल, मेरा बच्चा गंभीर रूप से बीमार हो गया। बच्चे की चिंताजनक हालत देखकर मैं कुछ सोच-समझ ही नहीं पाया। मुझसे बहुत बड़ी गलती हो गई।' विभाग ने सख्त कार्रवाई की सिफारिश की। ड्राइवर की फाइल शास्त्रीजी के पास पहुंची। कुछ देर स्वयं से विचार-विमर्श कर शास्त्री ने फाइल पर टिप्पणी लिखी 'ड्राइवर एक पिता भी है और एक पिता के लिए अपने बच्चे की जिंदगी का महत्व अन्य सभी कार्यों से अधिक है। ऐसी विपरीत परिस्थितियों में किसी का भी मानसिक संतुलन खोना सामान्य-सी बात है। इसलिए ड्राइवर पर कोई भी कार्रवाई न की जाए और उसे माफ कर दिया जाए।' जब फाइल शास्त्री जी के पास से विभाग के पास पहुंची तो विभाग के कर्मचारी यह टिप्पणी पढ़कर दंग रह गए।

## सामयिक

# बिहार में खेला की सियासत का अंतहीन सिलसिला

**बाल मुकुंद ओझा**
मोबाइल : 8949519406



बिहार में राजद सुप्रीमो लालू यादव और उनके बेटे तेजस्वी के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर दिए परस्पर विरोधी बयानों से कड़ाके की ठंड के बीच राज्य का सियासी पारा गरमा रहा है। लालू चाहते है येन केन प्रकारेण तेजस्वी के हाथों में बिहार की सत्ता आ जाये, इसके लिए वे कुछ भी करने को तैयार है। इसी के मधे नज़र उन्होंने एक बार फिर नीतीश को अपने पाले में लाने का पासा फेंका है। बिहार में सत्ता परिवर्तन को लेकर फिर से अटकलों का बाजार गर्म हो गया है। चर्चा है कि खरमास खत्म होते ही बिहार की राजनीति में कोई बड़ा मोड़ आ सकता है। हालांकि नीतिश की पार्टी के नेता लालू के बयान का खंडन कर चुके है। लालू यादव ने नीतीश कुमार कुमार के लिए कहा उनके लिए दरवाजा खुला है, वहीं बेटे तेजस्वी ने साफतौर पर कह दिया है कि नीतीश कुमार के लिए महागठबंधन के दरवाजे बंद है। हम लोगों ने नो एंट्री का बोर्ड लगा दिया है। बाप-बेटे के नीतीश के लिए परस्पर विरोधी बयानों को लेकर लोग कई प्रकार के निहितार्थ निकाल रहे है। हालांकि नीतीश कुमार कह चुके है वे अब कहीं नहीं जायेंगे। मगर लोग इसे मानने को तैयार नहीं है। लालू ने इसके साथ ही एक सलाह भी दे दी कि नीतीश कुमार को भी दरवाजा खुला रखना चाहिए। लालू यादव ने समाजवादी नेताओं को एक मंच पर लांच करने के लिए अपनी ओर से प्लेटफार्म उपलब्ध करा दिया है। यह सर्वविदित है बिहार में आज़ादी के बाद से ही समाजवादियों का दबदबा रहा है जो आपस में लड़झगड़ कर अनेक बार टूटे और फिर एक हुए है। लालू और नीतीश भी समाजवादी आंदोलन की उपज रहे है। दोनों कई बार एक हुए और टूटे है। अब एक बार फिर लालू ने नीतीश को अपने पाले में लाने का प्रयास किया है।

बिहार विधानसभा के चुनाव इस वर्ष होने है और इसे लेकर कई कयास निकाले जा रहे है। बताते है राजनीतिक चर्चा की शुरुआत तब हुई जब अमित शाह ने कह दिया था कि बिहार का नेतृत्व कौन करेगा इसका फैसला पार्लियामेंट्री बोर्ड करेगा। अमित शाह के इस बयान के बाद जेडीयू के नेताओं में संशय पैदा हो गया। इसी बीच बिहार भाजपा ने स्पष्ट कर दिया कि अगले चुनाव में नीतीश ही उनके नेता होंगे। प्रयोगों की धरती बिहार एक बार फिर सब की निगाहों पर है। पिछले विधानसभा चुनाव की बात करे तो तो जेडीयू ने बीजेपी से ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ा था, लेकिन उसे सीटें भाजपा से कम मिली। भाजपा ने कम सीटें जीतने के बाद भी नीतीश कुमार के बड़े कद को देखते हुए मुख्यमंत्री पद देने का निर्णय लिया था। लेकिन अब चर्चाएं इसलिए तेज हो रही हैं क्योंकि महाराष्ट्र में हाल ही में कुछ ऐसा हुआ, जिसने बिहार की राजनीति में संभावनाओं को जन्म दिया है।

नीतीश ने तीन बार भाजपा और दो बार लालू से हाथ मिलाकर प्रयोग की आंधी को थमने नहीं दिया। लोकनायक जयप्रकाश और जननायक कर्पूरी ठाकुर की जन्म और कर्म भूमि से अवसरवादी और सुविधावादी सियासत के विस्फोट की चर्चाएं मीडिया में अक्सर गूंजती रही है। लालू और नीतीश दोनों समाजवादी आंदोलन की उपज है। लालू और नीतीश दोनों ही लोहिया, जेपी और कर्पूरी के अनुयायी होने का दावा करते है। दोनों ही नेता कई बार एक हुए और फिर अलग हो गये। आइये, आज हम बिहार के समाजवादी आंदोलन की चर्चा करते है। बिहार में भारत छोड़ो आंदोलन में समाजवादी नेताओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया था। जय प्रकाश नारायण, रामनंदन मिश्रा, बसावन सिंह, सूरज नारायण सिंह, कर्पूरी ठाकुर रामानंद तिवाड़ी बीपी मंडल के जीवनकाल में समाजवादी आंदोलन कई चरणों से होकर गुजरा। मधु लिमये, जॉर्ज फर्नांडिस और शरद यादव जैसे अन्य राज्यों के समाजवादी नेताओं को भी बिहार से राजनीतिक जीवनदान मिला था। लोहिया की मृत्यु के बाद कर्पूरी ठाकुर सबसे बड़े समाजवादी नेता के रूप में उभरे और उन्होंने बिहार की पिछड़ी जातियों के युवाओं को संगठित किया। लोहिया के बाद रामानंद तिवारी और भोलाप्रसाद सिंह के साथ वे बिहार की समाजवादी राजनीति के प्रमुख केंद्र बन गए। 1952 से आठवें दशक तक मृत्यु पर्यन्त कर्पूरी ठाकुर दो बार मुख्यमंत्री और एक बार उपमुख्यमंत्री रहे। इसी दौरान रामविलास पासवान,लालू यादव और नीतीश कुमार सरीखे युवा कर्पूरी ठाकुर की अंगुली पकड़ कर युवा समाजवादी के रूप में उभरे। 1974 में जेपी आंदोलन के दौरान छात्र नेता के रूप में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। आठवें दशक में कर्पूरी ने चौधरी चरण सिंह के साथ मिलकर लोकदल नेता के रूप में पिछड़ों की राजनीति शुरू की। रामविलास पासवान, लालू यादव और नीतीश बाद में कर्पूरी ठाकुर के नेतृत्व को चुनौती देने लगे और इसके साथ बिहार में यादव, कुर्मी और दलितों की राजनीति शुरू हो गई। इस तरह लालू यादव और नीतीश कुमार की राजनीति दरअसल उसी प्रक्रिया को आगे ले गई जिसे कर्पूरी ठाकुर ने शुरू किया था। दोनों ने अपनी-अपनी राजनीतिक आवश्यकताओं के अनुरूप, कर्पूरी ठाकुर की विरासत पर कब्जा जमाने की कोशिश की। बाद में कर्पूरी ठाकुर के अनुयायियों समेत समाजवादी नेता अलग-अलग पार्टियों में बिखर गए। जनता पार्टी और जनता दल का प्रयोग असफल होने के बाद नवें दशक में लालू, नीतीश और पासवान ने अलग होकर पिछड़ों और दलितों की राजनीति शुरू करदी। लालू के बिहार पर दस साल तक एक छत्र राज के बाद नीतीश ने बीजेपी के साथ मिलकर लालू को उखाड़ फेंका। इस बीच लालू चारा घोटाले में फंस गए। लोकसभा चुनाव में नीतीश नरेंद्र मोदी के सांप्रदायिक एजेंडे को मुद्दा बनाकर बीजेपी से अलग हो गये। लोकसभा चुनाव में मोदी की लोकप्रियता के आगे नीतीश और लालू परास्त हो गए। मगर 2015 का विधान सभा चुनाव उन्होंने लालू और कांग्रेस के साथ महागठबंधन बना कर लड़ा और बीजेपी को बिहार से खदेड़ने में सफल हुए। लालू के दोनों बेटों के साथ मिलकर नीतीश ने सरकार बनाई। 20 महीने तक यह सरकार चली और साल 2017 में नीतीश कुमार ने फिर से पलटी मारी और बीजेपी के खेमे में चले गए। साल 2022 में नीतीश ने फिर पलटी मारी और आरजेडी के साथ मिलकर महागठबंधन बना लिया। मगर 2023 में तीसरी बार फिर नीतीश कुमार यह कहकर बीजेपी के साथ हो गए कि अब वे कहीं नहीं जायेंगे।

## नजरिया

# लुई ब्रेल : जिसने नेत्रहीनों के लिए शिक्षा के द्वार खोले



**प्रमोद दीक्षित मलय**
मोबाइल : 94520-85234

बीस जून, 1952 को पेरिस से थोड़ी दूर बसे एक गांव कूप्रे में सुबह से ही लोग जुट रहे थे। सरकारी अधिकारियों एवं नेताओं की गाड़ियों का काफिला भी गांव की ओर बढ़ा चला जा रहा था। गांव के निवासी स्त्री, पुरुष और बच्चे भी आश्चर्यचकित हो भीड़ का हिस्सा बन जाते हैं। भीड़ एक कब्रिस्तान जाकर एक सभा में बदल जाती है। एक खास कब्र को सजाया गया है। एक अधिकारी ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज फ्रांस की सरकार ने ब्रेल लिपि के जनक लुई ब्रेल के सम्मान का दिन घोषित किया गया है। सभा में खुशी की लहर छा गयी और कर तल ध्वनि से गगन गुंजित हो गया। तब पूरे राजकीय सम्मान एवं प्रतिष्ठा के साथ धार्मिक संस्कारोंपरांत कब्र से शव को निकाला गया। उपस्थित जन समुदाय ने अपनी गलती स्वीकार की और धार्मिक रस्में पूर्ण कर लुई के सम्मान में राष्ट्रीय धुन बजा उन्हें दफनाया गया। उपस्थित लोगों ने उनके महनीय मानवीय योगदान को स्वीकृति देते हुए अपने भूल के लिए प्रायश्चित किया। यह लुई ब्रेल की मृत्यु के सौ साल के बाद का एक सम्माननीय दृश्य था। नेत्रहीनों के लिए प्रकृति के अप्रतिम सौंदर्य का दर्शन अछूता और रसानुभूति से परे था, क्योंकि वे न तो देखकर आनन्द उठा सकते थे और न ही पढ़कर। दृष्टिहीनों के लिए यह दुनिया अंधकारमय, नीरस और बेरंग थी। नेत्रहीन भी काव्य, कहानी, नाटक को पढ़कर आनन्द सागर में डूब सकें, ऐसा सहज सम्भव हुआ है एक विशेष लिपि में अंकित पाठ्य सामग्री के द्वारा, जिसे विश्व ब्रेल लिपि के नाम से जानता है। ब्रेल लिपि के जनक हैं फ्रांस के शिक्षाविद लुई ब्रेल। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 2019 से 4 जनवरी को विश्व ब्रेल दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।

लुई ब्रेल का जन्म फ्रांस के एक गांव में 4 जनवरी, 1809 को पिता साइमन रेले ब्रेल एवं माता मोनिक ब्रेल के परिवार में हुआ था। पिता के आर्थिक संसाधन सीमित थे एवं आजीविका का एकमात्र साधन उनका मोचीगिरी का ही काम था। वह चमड़े का काम करने के साथ ही फ्रांस के शाही परिवार एवं अमीरों के घोड़ों की काठी एवं जीन बनाने का काम किया करते थे। लेकिन कठोर श्रम एवं समय साध्य काम होने के बावजूद भी उनकी कमाई इतनी न थी कि छह सदस्यों के परिवार का भरण-पोषण एवं उचित देखरेख संभव हो पाती। और जैसा कि परंपरागत रोजगार करने वाले परिवारों में होता है कि अपने पारंपरिक कार्य से बच्चों को जोड़े रखने एवं सिखाने की दृष्टि से छोटी उम्र से ही अपने साथ काम पर ले जाते हैं। साइमन रेले ने भी ऐसा ही किया और अपनी मोची की दूकान पर तीन वर्ष के बालक लुई ब्रेल को साथ ले जाने लगे। स्वभावतः बालक जिज्ञासु एवं चंचल होते हैं। दुकान पर चमड़े के काम में प्रयुक्त होने वाले लोहे के औजारों यथा चाकू, सूजा, हथौड़ी, कटर, आरी आदि से बालक संपर्क में आया। वह पिता की मदद करते हुए उनसे खेलने लगता। एक दिन पिता की अनुपस्थिति में खेलते समय सूजा उछल कर बालक की आंख में जा लगा और खून की धार फूट पड़ी। बालक को घर पहुंचाया गया और आंख साफ कर जड़ी-बूटी युक्त घरेलू औषधि का लेपन कर पट्टी बांध दी गई और यह सोचा गया कि अपने आप जल्दी ही ठीक हो जाएगी। लेकिन उचित चिकित्सा के अभाव या अभिभावकों की लापरवाही के चलते घायल संक्रमित आंख का दुष्प्रभाव दूसरे आंख पर भी पड़ने लगा। आठ वर्ष का होते-होते बालक ने अपनी दृष्टि पूरी तरह खो दी। अब बालक के लिए सूरज के प्रकाश में कोई रंग न थे। उसके लिए दुनिया अब केवल अंधेरे का एक गोला थी। परिवार एवं समाज में वह दया एवं सहानुभूति का पात्र बन गया लेकिन उसे यह निरीह जीवन स्वीकार न था।

उसका अन्तर्मन उसे पढ़ने के लिए कचोटता रहता। पर तत्कालीन समय में नेत्रहीनों की शिक्षा-दीक्षा के लिए कोई विशेष संसाधन एवं व्यवस्थाएं न थी। पेरिस में एक अंध विद्यालय अवश्य था पर वहां सामान्य परिवारों के बालकों का प्रवेश हो पाना बहुत कठिन था। बालक लुई में कुछ नया करने की लगन थी, साथ ही शिक्षा प्राप्ति का जज्बा एवं संकल्प भी। उसके निरन्तर आग्रह को स्वीकार कर पिता उसे एक परिचित पादरी के पास ले गए, जिनकी सिफारिश और मदद से लुई ब्रेल का नामांकन पेरिस के अंध विद्यालय 'रॉयल इंस्टीट्यूट फॉर ब्लाइंड' में 1821 में हो गया।

तब तक नेत्रहीनों को पढ़ाने के लिए कोई विशेष लिपि व्यवहार में नहीं थी। आधे-अधूरे प्रयासों से उपलब्ध सामग्री से उक्त विद्यालय में बच्चों को इतिहास, भूगोल एवं गणित की सामान्य जानकारी दी जाती थी। एक दिन शाही सेना का एक पदाधिकारी चार्ल्स बार्बियर, जो सैनिकों के लिए रात में भी टटोलकर पढ़ सकने वाली पठन सामग्री तैयार करने में जुटा हुआ था, उक्त विद्यालय में प्रशिक्षण हेतु आया। उन्होंने एक दिन संवाद करते हुए बताया कि अपने सैनिकों को अंधेरे में भी पढ़े जा सकने वाले गुप्त संदेशों को एक खास लिपि में अंकित कर भेजता है। उस लिपि में 12 बिंदुओं को 6-6 की दो पंक्तियों पर रखा जाता है जिसे सैनिक टटोलकर पढ़ लेते हैं। लेकिन एक बहुत बड़ी कमी थी कि उसमें विराम या गणितीय चिह्नों का अंकन सम्भव न था और चार्ल्स उसे बेहतर करने के लिए कुछ शोध कर रहा था। बालक लुइ सेनानायक चार्ल्स के काम से प्रभावित हुआ और उनकी कूट लिपि को पढ़ने-समझने के लिए पादरी की मदद से चार्ल्स से भेंट की। बातचीत के बाद बालक लुई ने लिपि में कुछ संशोधन करने के सुझाव दिये। चार्ल्स बालक के सुझावों को सुन हतप्रभ था और तुरन्त ही स्वीकार कर लिया जिससे सैनिकों तक संदेश पहुंचाना अब और सरल हो गया।

चार्ल्स बार्बियर की कूट लिपि को पढ़-समझ कर बालक लुई ब्रेल नेत्रहीनों के लिए उपयोगी एक खास लिपि को विकसित करने की साधना में जुट गया। आखिर 1829 में, आठ सालों की अनथक साधना का परिणाम एक विशेष विकसित लिपि के रूप में हुआ जिसे दुनिया ब्रेल लिपि से जानती है, जिसमें 6 उभरे बिंदुओं के आधार पर 64 अक्षर, विराम एवं गणित चिह्नों सहित संगीत के नोटेशन बनाना भी सम्भव हो गया। ब्रेल लिपि विकसित हो जाने से नेत्रहीनों के लिए पढ़ना एवं मनोभावों को अभिव्यक्त करना सहज संभव हो गया था। लेकिन ब्रेल लिपि को समाज एवं सरकार द्वारा मान्यता नहीं मिली। उसे सेना द्वारा प्रयोग किए जाने वाला कूट रचित अंकन ही समझा गया। लुई ब्रेल जीवन भर ब्रेल लिपि की मान्यता हेतु संघर्ष करते रहे। साथ ही लिपि के प्रचार-प्रसार में भी सतत समर्पित रहे।

विश्व को ब्रेल लिपि के रूप में अमूल्य उपहार देने वाला यह महान व्यक्तित्व 43 वर्ष की अल्पायु में ही 6 जनवरी, 1852 को लौकिक जीवन पूर्ण कर यमलोक की अनंत की यात्रा पर प्रस्थान कर गया। लुई ब्रेल की मृत्यु के 16 वर्ष बाद 1868 में फ्रांस की सरकार ने ब्रेल लिपि को मान्यता प्रदान की। धीरे-धीरे ब्रेल लिपि सम्पूर्ण विश्व प्रचलित हो गयी।

भारत में भी ब्रेल लिपि के माध्यम से नेत्रहीनों के लिए पढ़ने एवं प्रशिक्षण के लिए तमाम विद्यालय एवं प्रशिक्षण केंद्र खोले गए। 4 जनवरी, 2009 को लुई ब्रेल के 200वें जन्मदिन के अवसर पर भारत सरकार ने उनके सम्मान में एक डाक टिकट जारी कर उनको अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वास्तव में जीवन रहते हुए वह जिस सम्मान और प्रतिष्ठा के हकदार थे वह उनको नहीं मिला लेकिन उनकी मृत्यु के बाद उनके योगदान को सिर माथे लिया गया। संपूर्ण जग उनका ऋणी है और ऋणी रहेगा।

**भारत में भी ब्रेल लिपि के माध्यम से नेत्रहीनों के लिए पढ़ने एवं प्रशिक्षण के लिए तमाम विद्यालय एवं प्रशिक्षण केंद्र खोले गए। 4 जनवरी, 2009 को लुई ब्रेल के 200वें जन्मदिन के अवसर पर भारत सरकार ने उनके सम्मान में एक डाक टिकट जारी कर उनको अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वास्तव में जीवन रहते हुए वह जिस सम्मान और प्रतिष्ठा के हकदार थे वह उनको नहीं मिला लेकिन उनकी मृत्यु के बाद उनके योगदान को सिर माथे लिया गया। संपूर्ण जग उनका ऋणी है और ऋणी रहेगा।**

महत्त्वपूर्ण

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. **Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंडर एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत



# पावरग्रिड के मुख्य महाप्रबंधक अंशुमान टंडन का सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली। पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ दिल्ली (पीआरएसडी) ने भारत की अग्रणी महारत्न कंपनियों में से एक पॉवरग्रिड में कॉर्पोरेट संचार को बढ़ाने और मजबूत करने की दिशा में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड) के मुख्य महाप्रबंधक (कॉर्पोरेट संचार) अंशुमान टंडन को सम्मानित किया है।

पावरग्रिड में एक संक्षिप्त बैठक के दौरान, पीआरएसडी के वरिष्ठ सदस्यों जी.एस. बावा, विपिन खरबंदा, सुश्री रमा विजय, सौरभ सिन्हा, इरफान रशिद और जे.पी. शर्मा ने बिजली क्षेत्र में कॉर्पोरेट संचार को बढ़ावा देने के लिए श्री टंडन के असाधारण नेतृत्व और दृढ़ समर्पण की सराहना की। टंडन के उत्कृष्ट नेतृत्व गुणों की सराहना करते हुए, जी.एस. बावा ने इस बात पर प्रकाश डाला कि किस प्रकार उनके नवोन्मेषी दृष्टिकोण ने जनसंपर्क और कॉर्पोरेट संचार के मूल्यों को महत्वपूर्ण रूप से उन्नत किया है।

कार्यक्रम में, टंडन ने पीआर सोसाइटी, दिल्ली द्वारा अनुभव और ज्ञान साझा करने के प्रयासों की सराहना की।

# भारत के साथ संबंधों को सामान्य बनाने के लिए आपसी इच्छाशक्ति की जरूरत है : पाकिस्तान

इस्लामाबाद/भाषा

पाकिस्तान के उपप्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री इशाक डार ने कहा है कि भारत के साथ संबंधों को सामान्य बनाने के लिए आपसी इच्छाशक्ति की जरूरत है।

डार ने बृहस्पतिवार को यहां विदेश कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए पिछले साल पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) सरकार के सत्ता में आने के बाद से पाकिस्तान के कूटनीतिक प्रयासों पर प्रकाश डाला।

जब उनसे भारत के साथ पाकिस्तान के संबंधों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने संयुक्त रूप से प्रयास किये जाने के महत्व पर जोर दिया और कहा कि ताली दोनों हाथों से बजती है।

डार ने अगले महीने बांग्लादेश की यात्रा की योजना की भी घोषणा की और कहा कि पिछले साल अगस्त में हसीना सरकार के अपदस्थ होने के बाद इस्लामाबाद और ढाका के संबंधों का पुनर्निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हाल में काहिरा में एक बैठक के दौरान उन्हें बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस से निमंत्रण मिला था। उन्होंने कहा, ''बांग्लादेश एक बिछड़े हुए भाई की तरह है। हमारा लक्ष्य आर्थिक और व्यापारिक सहयोग को मजबूत करना है।''

पिछले साल पांच अगस्त को छात्रों के नेतृत्व वाले आंदोलन के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से बेदखल कर दिया गया था, जिसके बाद यूनुस ने मुख्य सलाहकार का पद संभाला था।

इससे पहले, डार ने देश के अलग-थलग पड़ने के दावों को खारिज करते हुए कहा, ''जब हमने सत्ता संभाली थी, तो कूटनीतिक अलगाव की धारणा थी। हालांकि, अपनी कूटनीतिक पहुंच का विस्तार करने और क्षेत्रीय पड़ोसियों के साथ जुड़ने से यह धारणा बदल गई है।'' अफगानिस्तान पर टिप्पणी करते हुए डार ने काबुल के साथ संबंधों को मजबूत करने संबंधी पाकिस्तान की इच्छा व्यक्त की और साथ ही स्वीकार किया कि आतंकवाद एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। उन्होंने खुलासा किया कि आतंकवादी हमलों के कारण काबुल की प्रस्तावित यात्राएं स्थगित कर दी गईं। उन्होंने तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के साथ बातचीत करने के लिए पूर्व खुफिया प्रमुख जनरल फैज हमीद की भी आलोचना की।

डार ने पाकिस्तान के परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में प्रगति पर प्रकाश डाला और

'चश्मा 5' (सी-5) परमाणु ऊर्जा परियोजना शुरू करने की घोषणा की, जिसे 'के2' और 'के3' परियोजनाओं को पूरा करने के बाद 2023 में चीन के साथ अंतिम रूप दिया जायेगा। विदेश कार्यालय की निवर्तमान प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने ग्वादर बंदरगाह के सैन्य इस्तेमाल की अफवाहों को खारिज किया। उन्होंने कहा, ''ग्वादर बंदरगाह पाकिस्तान के विकास के लिए है और इसे चीन के सहयोग से बनाया गया है।''



# मानुषी छिल्लर ने गणपति बप्पा से लिया आशीर्वाद

मुंबई/एजेन्सी

मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर ने मुंबई के प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर में बप्पा दर्शन के साथ 2025 की शुरुआत की। उन्होंने गणपति बप्पा से आने वाले समृद्ध और सफल वर्ष के लिए निष्ठा और श्रद्धा के साथ आशीर्वाद प्राप्त किया। मानुषी की मंदिर यात्रा ने आशा और आध्यात्मिक प्रतिबिंब से भरे एक नए अध्याय की शुरुआत की। मानुषी की सिद्धिविनायक मंदिर की यात्रा नए मानक स्थापित करने के साथ-साथ जमीन से जुड़े रहने की उनकी प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है। उनकी गहरी कृतज्ञता और विश्वास उन्हें चुनौतियों और सफलताओं दोनों को विनम्रता के साथ स्वीकार करने की याद दिलाते हैं। अपनी आंतरिक शक्ति और समर्पण के साथ, वह 2025 में हर कुछ अपनाने के लिए तैयार हैं। चूंकि मानुषी एक रोमांचक वर्ष की तैयारी कर रही हैं, उनकी दो फिल्में अभी रिलीज होनी हैं, सिद्धिविनायक मंदिर की उनकी यात्रा आस्था और आशावाद के साथ नए अवसरों को अपनाने के उनके दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। गणपति बप्पा के आशीर्वाद से, वह अपनी आगामी परियोजनाओं में चमकने के लिए तैयार हैं, अपनी प्रतिभा, अनुग्रह और सकारात्मक ऊर्जा से दूसरों को प्रेरित करती रहेंगी। प्रशंसक उनके अगले परियोजना का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# पोशाक की प्रथा को लेकर हुए विवाद से हिंदू एकता प्रभावित नहीं होनी चाहिए : एसएनडीपी योगम

तिरुवनंतपुरम/भाषा। श्री नारायण धर्म परिपालन (एसएनडीपी) योगम के महासचिव वेल्लप्पल्ली नटेसन ने शुक्रवार को कहा कि मंदिर में प्रवेश करने से पहले पुरुष श्रद्धालुओं द्वारा कमर से ऊपर के वस्त्र उतारने की प्रथा को लेकर हुए विवाद से हिंदुओं की एकता प्रभावित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने पत्रकारों से कहा, ''हिंदुओं में कई वर्ग हैं जो विभिन्न रीति-रिवाजों और प्रथाओं का पालन करते हैं। ऐसे मुद्दों से उनके बीच विभाजन नहीं होना चाहिए।''

शिवगिरि मठ के प्रमुख स्वामी सच्चिदानंद ने केरल के मंदिरों में प्रवेश करने से पहले पुरुष श्रद्धालुओं को कमर से ऊपर के वस्त्र उतारने की आवश्यकता संबंधी लंबे समय से जारी प्रथा को समाप्त करने की बात कही थी। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने स्वामी के रुख का स्वागत किया था और कहा था कि बदलते समय के अनुसार ऐसी प्रथाओं से बचा जा सकता है। नायर सर्विस सोसाइटी (एनएसएस) के महासचिव जी सुकुमारन नायर ने इस संबंध में तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा था कि सरकार को मंदिरों के रीति-रिवाजों और प्रथाओं में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। नटेसन ने कहा कि स्वामी सच्चिदानंद के बयान में कुछ भी नया नहीं है। एसएनडीपी के तहत कई मंदिर पुरुष श्रद्धालुओं को ऊपरी वस्त्र पहनकर मंदिर में प्रवेश की अनुमति दे रहे हैं। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ''कुछ मंदिरों में अलग-अलग प्रथाएं हो सकती हैं, लेकिन इसे एक दिन में समाप्त नहीं किया जा सकता।'' इस बीच, केरल योगक्षेम सभा के अध्यक्ष अक्कीरामन कालिदासन भट्टाथिरिपाद ने एनएसएस के रुख का स्वागत किया और कहा कि मंदिरों में रीति-रिवाजों और प्रथाओं का निर्णय तंत्रियों और उनसे जुड़े अन्य लोगों द्वारा किया जाना चाहिए।

# जयदीप अहलावत की 'पाताल लोक' का टीजर जारी

मुंबई/एजेन्सी



एक्टर जयदीप अहलावत की वेब सीरीज 'पाताल लोक' के सीजन 2 का टीजर आज शुक्रवार (3 जनवरी) को रिलीज हो गया। इसमें 'हाथीराम चौधरी' का किरदार निभाने वाले जयदीप अपने स्टाइल में एक कीड़े की कहानी सुनाते नजर आ रहे हैं। 'हाथीराम' का किलर अंदाज सोशल मीडिया यूजर्स का ध्यान खींच रहा है। 'पाताल लोक' का पहला सीजन मई 2020 में रिलीज हुआ था। लंबे समय से फैंस इसका इंतजार कर रहे थे, जो करीब 4 साल बाद खत्म होगा। यह 17 जनवरी से ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। इस सीरीज में जयदीप ने लोगों के दिलों में खास जगह बनाई। अब सीजन 2 में वे लिफ्ट में एक कीड़े की कहानी सुना रहे हैं। कहानी सुनाते-सुनाते उनके चेहरे पर कभी खून और चोट दिखाई देती है तो कभी सिर पर यमराज के सींग बने नजर आते हैं। पहले सीजन में जयदीप, इश्वाक सिंह और नीरज काबी ने लीड रोल निभाए थे। इसके साथ ही अभिषेक बनर्जी का किरदार 'हथौड़ा त्यागी' भी काफी पसंद किया गया था। 'हाथीराम' हरियाणा के एक पुलिसकर्मी का बेटा था जो खुद भी दिल्ली के एक थाने में सब इंस्पेक्टर है। अपने खरे स्वभाव और गरम तेवर के चलते करिअर में कई अड़चनें झेलते हुए ईमानदारी से आगे बढ़ता है। वहीं उसके साथी कई दूसरे रास्तों पर चलकर आगे बढ़ जाते हैं।



# स्विट्ज़रलैंड से छुट्टी बिताकर लौटी करीना कपूर

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान हाल में स्विटजरलैंड में थी। जहां वह अपने परिवार के साथ छुट्टियां मना रही थीं। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट साझा किया। अपने पति सैफ अली खान और दोनों बच्चों तैमूर और जेह के साथ अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर इस खूबसूरत जगह को छोड़ने के बारे में अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। बेबो ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर खूबसूरत बर्फ से ढके पहाड़ों की एक तस्वीर पोस्ट की। उन्होंने पोस्ट पर लिखा, यहां से जाना हमेशा दर्द देता है। ठंड के इस समय में खान परिवार ने सुंदर स्विस आल्प्स में छुट्टियां बिताई। परिवार के सदस्यों ने इस वातावरण में अपने लिए कुछ यादें भी बनाई है। 'उड़ता पंजाब' की अभिनेत्री ने तैमूर और जेह की कई मनमोहक तस्वीरें भी शेयर की। एक तस्वीर में तैमूर लाल और हरे रंग की पोशाक में बेहद प्यारे लग रहे हैं।

करीना ने पोस्ट को कैप्शन दिया, मेरा बेटा। एक अन्य तस्वीर में, नन्हा तैमूर जमीन की ओर देखता हुआ दिखाई दे रहा है, और करीना ने मजाकिया अंदाज में लिखा, मुझसे मत पूछो कि मैं स्की करती हूं या नहीं। मैं अपने बेटे की तस्वीरें लेती हूं- किसी को तो लेनी ही चाहिए। एक अन्य फोटो में जेह बर्फ पर लेटे हुए और काले रंग की पोशाक और लाल रंग का हेलमेट पहने हुए रोते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसके बाद की एक तस्वीर में जेह अपनी आंखें बंद करके बर्फ पर लेटे हुए हैं। करीना ने अपने पति सैफ और उनके दो बेटों सहित अपने परिवार के साथ क्रिसमस मनाने की दिल को छू लेने वाली तस्वीरें भी साझा की। अपनी पोस्ट में करीना ने बताया कि वह अपने प्रियजनों के साथ छुट्टियों के जश्न में इतनी डूब गई थीं कि उन्हें पहले इसे साझा करने का मौका नहीं मिला था, लेकिन वह अब सभी को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देना चाहती हैं। पोस्ट का शीर्षक है, माफ़ करें, मैं अपने दिन का आनंद लेने में बहुत व्यस्त थी – प्यार और खुशी। लोग जादू की तलाश में रहते हैं।

## प्रचार



अभिनेत्री राशा थडानी शुक्रवार को मुंबई में आगामी फिल्म 'आज़ाद' के प्रचार कार्यक्रम के दौरान तस्वीरें खिंचवाती हुई।

## श्रद्धांजलि



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे शुक्रवार को नई दिल्ली में गुरुद्वारा श्री रकाब गंज साहिब में एक स्मारक सेवा के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए।

# अपने काम से है तमन्ना को बेहद लगाव

मुंबई/एजेन्सी

अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने नए साल की शुरुआत अपने व्यस्त शेड्यूल के साथ की। अभिनेत्री भारत में नहीं बल्कि विदेशी जमीन पर अपने काम को नया आयाम दे रही हैं। इसकी झलक उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट पर दिखाई। तमन्ना भाटिया व्यस्त शेड्यूल को दर्शाती तस्वीरें और वीडियो पोस्ट की। इसमें वो एक कार में बैठी हैं और डलास (टेक्सास) का लोकेशन टैग किया है। वीडियो में वह अपनी टीम के साथ हैं। बुधवार को, तमन्ना भाटिया ने सोशल मीडिया पर अपने माता-पिता के साथ अपने वर्चुअल न्यू ईयर सेलिब्रेशन की एक झलक शेयर की थी। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपने वीडियो कॉल सेशन की एक तस्वीर पोस्ट की, जिसके कैप्शन में



उन्होंने हार्ट इमोजी के साथ 'हैप्पी न्यू ईयर' लिखा था।

अभिनेत्री ने अपनी कार से एक वीडियो भी पोस्ट किया, जिसमें वह क्लिप रिकॉर्ड करते समय मुस्कान बिखेरती हुई दिखाई दे रही थीं। कुछ दिन पहले ही तमन्ना ने अपने प्रशंसकों को इंस्टाग्राम पर अपने जन्मदिन के जश्न की झलकियां दिखाई थीं। कैंडिड शॉट्स में से एक में तमन्ना, बॉयफ्रेंड विजय वर्मा और उनके दोस्त एक साथ मजेदार वीडियो गेम का आनंद लेते हुए नजर आए। वर्क फ्रंट की बात करें तो तमन्ना भाटिया हाल ही में नेटफ्लिक्स थ्रिलर-एक्शन फिल्म सिकंदर का मुकद्दर में नजर आईं। इस सीरीज में उन्होंने कामिनी सिंह का किरदार निभाया।

यह सीरीज एक हीरे की चोरी पर केंद्रित है। अभिनेत्री ने फिल्म स्त्री 2 में भी एक छोटी सी भूमिका निभाई थी, जिसमें उन्होंने विशेष रूप से आज की रात गीत में अपने प्रदर्शन से ध्यान आकर्षित किया था। रिपोर्ट के अनुसार, तमन्ना 'ओडेला 2' में अभिनय करेंगी, जिसका निर्देशन अशोक तेजा करेंगे और इसका निर्माण डी मधु करेंगे।

# ऋतिक रोशन ने फिटनेस जर्नी के लिए प्रेरित किया : श्रेया चौधरी

मुंबई/एजेन्सी

अभिनेत्री श्रेया चौधरी का कहना है कि ऋतिक रोशन ने फिटनेस जर्नी के उन्हें लिये प्रेरित किया है। बंदिश बैंडिट्स सीजन 2 रिलीज़ के बाद से चर्चा में है, और शो की लीड अभिनेत्री श्रेया चौधरी पर सभी की नज़रें टिकी हैं। श्रेया को उनके अभिनय के लिए खूब सराहना मिल रही है। हाल ही में वह अपनी प्रेरणादायक फिटनेस ट्रांसफॉर्मेशन स्टोरी को लेकर खबरों में रहीं।एक समय था जब श्रेया अपने बढ़ते वजन और आत्म-संदेह से जूझ रही थीं। लेकिन उनकी जिंदगी का टर्निंग पॉइंट तब आया जब उन्होंने अपने आदर्श ऋतिक रोशन को उनकी फिटनेस यात्रा के बारे में खुलकर बात करते हुए देखा। श्रेया ने कहा, मैं हमेशा से कमरे में सबसे मोटा बच्चा मानी जाती थी। ऐसा लगता था कि चाहे मैं कुछ भी कर लूं, वजन कम नहीं कर सकती। शायद मुझे मोटिवेशन की कमी थी। फिर मेरी जिंदगी में ऋतिक रोशन आए। एक फैन गर्ल के रूप में, उनकी फिटनेस जर्नी ने मुझे गहराई से प्रेरित किया। उन्होंने अपनी परेशानियों और उन पर काबू पाने की बात खुलकर की, और इससे मुझे एक दिन जीतने की प्रेरणा मिली। मैंने भी अपनी फिटनेस पर काम करने का निर्णय लिया।

श्रेया ने अपने ट्रांसफॉर्मेशन की कुछ प्रेरणादायक तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं और इसे कैप्शन दिया,कहानी का समय मैं अपने हर रूप को प्यार करती हूं। हर एक रूप उस मानसिक स्थिति को दर्शाता है, जिससे मैं गुजर रही थी। कोई पछतावा नहीं। कोई पीछे मुड़कर देखना नहीं। मैंने समझदारी और मजबूती हासिल की है।

शुरुआत में तो यह बस सेहत के लिए था। मैं कई परेशानियों से गुजर रही थी और मुझे लगातार फिट और एक्टिव रहने की सलाह दी जाती थी। फिर मैंने ऋतिक रोशन के विचार पढ़े कि कैसे उन्होंने खुद को फिट रखा और उतार-चढ़ाव संभाले। वह मेरे बचपन के क्रश हैं और मुझे लगता है कि मेरी फिटनेस जर्नी के लिए मैं उन्हें श्रेय देती हूं।

श्रेया ने कहा,अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने से मुझे उस जुनून का पीछा करने में मदद मिली, जो हमेशा से मेरा सपना था अभिनय। तो, यहाँ मैं हूँ अच्छे और बुरे दिनों से जूझते हुए, और अपने लक्ष्य पर नज़र टिकाए हुए।आप सभी के प्यार और प्रेरणा के लिए धन्यवाद.. 2025 को और भी फिट बनाने के लिए तैयार!यही वह समय था जब मैंने बॉक्सिंग शुरू की। यह सिर्फ वर्कआउट नहीं, बल्कि थेरेपी बन गया। शुरू में मैं झिझकी थी लेकिन जैसे ही मैंने पहली बार ग्लव्स पहने, मुझे इस खेल से प्यार हो गया। मैंने महसूस किया कि सबसे बड़ी लड़ाई हमेशा अपने भीतर ही होती है। यह एक ऐसा सबक था जो मुझे मेरे नए और मजबूत संस्करण तक ले गया।

श्रेया चौधरी जल्द ही बोमन ईरानी निर्देशित द मेहता बॉयज़ में अविनाश तिवारी के साथ नजर आएंगी।



चेन्नई | शनिवार | 04-01-2025 /dakshinbharat /dakshinbharat DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT HINDI DAILY

दक्षिण भारत राष्ट्रमत 8

www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

जीव को प्रबल पुण्याई से ही दुर्लभ मनुष्य जीवन मिलता है। उसमे भी हमारा सौभाग्य है कि हम जिनवाणी श्रवण करने हेतु यहा उपस्थित हुए है। कर्मवाद के सिद्धांत से अपने- अपने कर्मानुसार हर जीव सुख- दुःख भोगता है। सुख- दुःख का कर्ता जीव स्वयं ही है। इसलिए अपने जीवन को व्यर्थ मे न गवांते हुए संसार से मुक्ति ही अपना अंतिम लक्ष्य होना चाहिए। इस पंचम आरे मे मुक्ति संभव नही है।



# जीतो साउथ चैप्टर के 40 सदस्य निकले गुजरात यात्रा पर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जीतो बेंगलूरु साउथ के 40 सदस्यीय एक समूह गुजरात की 5 दिवसीय रोमांचक यात्रा पर निकलने के लिए तैयार हैं। जीतो साउथ द्वारा तैयार की गई इस यात्रा का उद्देश्य सदस्यों के बीच नेटवर्किंग और परिवार सदस्यों के बीच आपसी रिश्ते को और मजबूत बनाना है। जीतो साउथ के चेयरमैन रंजीत सोलंकी ने कहा कि हम अपने सदस्यों के साथ ग्लोरियस गुजरात की इस अविश्वसनीय यात्रा के लिए उत्साहित हैं। 7 जनवरी तक आयोजित इस यात्रा में गुजरात के मणिलक्ष्मी जैन तीर्थ, लक्ष्मी विलास पैलेस-वड़ोदरा, केवडिया में यूनिटी प्रतिमा, बीएपीएस, सूरत और धार्मपुर शामिल हैं। इस यात्रा में जीतो साउथ के उपचेयरमैन महेंद्र जिनानी, राजेंद्र दांतेवाडिया,राजकुमार कोठारी, मुख्य सचिव नितिन लूनिया, सहकोषाध्यक्ष महावीर दांतेवाडिया, सचिव प्रतीक गांधी, कोमल भंडारी, प्रबंध समिति सदस्य महावीर भंसाली अन्य सदस्य उपस्थित थे। इस यात्रा के संयोजक तेजपाल जैन और सहसंयोजक चेतन लढ़ानी हैं।



## मकर संक्रांति में विशेष अमृतवाणी पाठ

**चेन्नई/दक्षिण भारत राष्ट्रमत।** यहां अमृतवाणी सत्संग मंडल परिवार द्वारा मकर संक्रांति के मौके पर अमृतवाणी का विशेष सत्संग किया जाएगा। आगामी 15 जनवरी को साहुकारपेट के सिंधी धर्मशाला परिसर में यह सत्संग सुबह 10 बजे से शुरु किया जाएगा। सत्संग में गणेश वंदना, गुरु वंदना, सरस्वती वंदना के बाद भजन और अमृतवाणी का पाठ किया जाएगा। मंडल के अरविन्द कुमार शर्मा ने बताया कि समय समय पर मंडल परिवार द्वारा विशेष सत्संग का आयोजन किया जाता रहा है। सत्संग में मानसिक आनंद की अनुभूति प्राप्त कर जीवन में सभी प्रकार की समस्याओं से दूर हुआ जा सकता है।



# मरीना स्पोर्ट्स क्लब द्वारा वॉलीबॉल टूर्नामेंट कल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। मरीना स्पोर्ट्स क्लब द्वारा 5 जनवरी को चेन्नई वॉलीबॉल डोटा फेडरेशन के पांचवे टूर्नामेंट का आयोजन डीजी वैष्णव कॉलेज के खेल परिसर में होगा। जिसमें चेन्नई की 16 टीमें भाग लेगी। एक बैठक में मरीना स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष अशोक छाजेड़ ने सभी का स्वागत किया और टूर्नामेंट के आयोजन में सहयोग की अपेक्षा की। टूर्नामेंट संयोजक महावीर गेलड़ा ने नियम की जानकारी दी और हायर परचेज एसोसिएशन के हॉल में कैप्टेन मीटिंग के दौरान 16 टीमों को 2 ग्रुप में बांटा गया। मीटिंग के दौरान चेन्नई फेडरेशन के मानक चौधरी, अभिनंदन बोथरा, राणाराम पटेल, कानाराम चौधरी ने अपने विचार व्यक्त किए। स्पोर्ट्स सेक्रेटरी राजेश सुराणा ने बताया की साउथ इंडिया फेडरेशन में चेन्नई फेडरेशन की गत विजेता और उपविजेता टीम को भाग लेने का अवसर मिला है जिसमें माताजी स्पोर्ट्स और वीओजी क्लब शामिल हैं। टूर्नामेंट की तैयारियों में कोषाध्यक्ष सज्जनराज सुराणा, उपाध्यक्ष पारसमल रांका, महावीर परमार, विकास जैन, प्रदीप बाघमार एवम् सभी मरीना सदस्य जुटे हुए है। सचिव महावीर बाफना ने सभी को धन्यवाद व्यक्त किया।



# मेवाड़ जैन बीसा ओसवाल संघ ने नूतन मोक्षवाहिनी वाहन देने का लिया लाभ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय राजस्थान संघ कर्नाटक ट्रस्ट द्वारा दानदाताओं के सहयोग से वर्तमान में 1 मोक्षरथ व 4 मोक्षवाहिनी अंतिम यात्रा वाहन निःशुल्क संचालित है।

इसी क्रम में शहर के मेवाड़ जैन बीसा ओसवाल संघ ने नूतन मोक्षवाहिनी गाड़ी देने का लाभ लिया। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष कैलाश संखलेचा, मंत्री कमल पुनमिया, पूर्व अध्यक्ष अनिल संकलेचा, रतनीबाई मेहता, कोषाध्यक्ष अमित मेहता, सहमंत्री महावीर मेहता, मोक्षवाहिनी चेयरमैन रमेश भंडारी, को-चेयरमैन जिनेश मेहता मेट्रिमोनियल चेयरमैन मनोज बाफना, रूपचंद कुमट आदि सदस्यों ने मेवाड़ संघ के अध्यक्ष प्रकाश बुरड़, मंत्री पुखराज आंचलिया, निवर्तमान अध्यक्ष रतनलाल सुराणा कोषाध्यक्ष पुखराज बाफना, युवा अध्यक्ष राकेश संचेती, युवा मंत्री प्रकाश बाबेल, महिला संयोजिका लाडजी बड़ोला, सहसंयोजिका गरिमा हिंगड़ आदि का सम्मान किया गया व धन्यवाद दिया।




## चौधरी बनी बीजेएस महिला अध्यक्ष व मेहता बनी मुख्य सचिव

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। भारतीय जैन संगठन(बीजेएस) के कर्नाटक शाखा के अध्यक्ष किशोर रूणवाल ने महिला विंग पदाधिकारियों की नियुक्ति की। बीजेएस की बेंगलूरु इकाई की महिला विंग की अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी नेहा चौधरी को एवं मुख्य सचिव की जिम्मेदारी बिंदु मेहता को सौंपी गई साथ ही अन्य पदाधिकारियों को भी नियुक्ति दी गई। अन्य पदाधिकारियों में नीलम सांड व अनीता पिरगल को परामर्श समिति, श्वेता भंडारी व वीना कोठारी को कोषाध्यक्ष, संगीता रूणवाल, मिंटू जैन, आशा सालेचा, निशा टुकलिया, सविता पोरवाल, अस्मिता चौहान को डिवीज़नल प्रमुख तथा विभा जैन व संगीता मालानी को सहसचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। नेहा चौधरी ने अपनी नियुक्ति पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर गतिशील इस संस्था के कार्यों को नई ऊंचाई पर पहुंचाने के लिए वे प्रयासरत रहेगी। मुख्य सचिव बिंदु मेहता ने समर्पित भाव से कार्य करने की आशा व्यक्त की। कर्नाटक अध्यक्ष किशोर रूणवाल ने सभी नए पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन के उद्धेश्यों की पूर्ति हेतु हमेशा तत्पर रहने का आह्वान किया।



दक्षिण भारत राष्ट्रमत

## सम्मान

बेंगलूरु के चूरा जैन संघ द्वारा मुमुक्षु कृशी, यांशी व किंजल के सम्मान में किलारी रोड स्थित राजेन्द्र जैन भवन तक शोभायात्रा निकाली गई। संतश्री वैराग्यरत्नविजयजी व साध्वीश्री की उपस्थिति में तीनों दीक्षार्थियों का सम्मान किया गया।



# 'अग्रवाल ट्रेड फेयर' को लेकर उद्योग व व्यापार जगत में विशेष उत्साह

- अग्रवाल समाज कर्नाटक के पदाधिकारियों ने की तैयारियों की समीक्षा
- 11 व 12 जनवरी को पैलेस ग्राउंड पर लगेगा ट्रेड फेयर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय अग्रवाल समाज कर्नाटक के तत्वावधान में व्यापार को नए अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से दो दिवसीय 'अग्रवाल ट्रेड फेयर' का आयोजन किया जा रहा है। पैलेस ग्राउंड स्थित ग्रांड कैसल सभागार में आयोजित होने वाले इस फेयर के मुख्य प्रायोजक गुरु पुनवानी कम्पनी है। समाज के अध्यक्ष सुभाष बंसल ने बताया कि 11व 12 जनवरी को इस दो दिवसीय ट्रेड फेयर में लगभग 300 से अधिक स्टॉल लगाए जा रहे हैं, जिसमें बी-टू-बी, बी-टू-सी, फूड व मनोरंजक उद्योग सहित मार्बल ग्रेनाइट, आयरन स्टील, हार्डवेयर, सेनेटरीवेयर, इलेक्ट्रॉनिक, इलेक्ट्रिक, प्लाईवुड, प्लास्टिक प्रोडक्ट, मेडिकल उद्योग, ज्वेलरी, साड़ियां, कपड़े, क्रॉकरी क्षेत्र के व्यवसायी अपने अपने उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में शहर की विभिन्न सामाजिक व व्यवसायिक संस्थाओं के पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया है ।

सचिव सतीश गोयल ने बताया कि इस आयोजन के प्लेटिनम प्रायोजक के रूप में ट्रीपर व ट्रेलर कम्पनी, श्याम लॉन, केया होम्स, सहप्रायोजक के रूप में वीआरकेपी टीएमटी बार, प्राइड समूह सहित अन्य सहयोगी शामिल है। उन्होंने बताया कि समाज की ओर से शहर कें पहली बार आयोजित होने वाले इस अग्रवाल ट्रेड फेयर में पूरे देश से व्यापारियों के शामिल होने की संभावना है। कोषाध्यक्ष अंकित मोदी ने बताया कि ट्रेड फेयर की तैयारियां जोरों पर चल रही है। शुक्रवार को अध्यक्ष सुभाष बंसल की अध्यक्षता में ट्रेड फेयर की तैयारियों को लेकर एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें ट्रेड फेयर की व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय जीएसटी व आबकारी कर विभाग के प्रधान मुख्य आयुक्त प्रमोदकुमार अग्रवाल शामिल होंगे।



# 'उमंग महाकुम्भ' में शामिल हुईं देश भर से 300 बहन-बेटियां

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चिकमगलूर। शहर के जैन यूथ फेडरेशन द्वारा आयोजित दो दिवसीय 'उमंग-बेटियों का महाकुम्भ' सम्मलेन में देशभर से 85 साल की उम्र तक की शहर की 300 बहन-बेटियां शामिल हुईं। फेडरेशन के अध्यक्ष अशोक गादिया ने सभी महिलाओं का स्वागत करते हुए कहा कि फेडरेशन ने इस वर्ष शहर की बहन बेटियों के सम्मान में यह आयोजन किया गया। इस आयोजन में सम्पूर्ण जैन समाज के परिवार एवं जैन संघ महिला मंडल के सहयोग प्राप्त हुआ। जैन संघ अध्यक्ष कांतिलाल खिवेंसरा, महिला मंडल के पूर्णिमा संघवी, तेरापंथ सभा अध्यक्ष महेन्द्र डोसी, मूर्तिपूजक संघ के अध्यक्ष लालचंद बरलोटा, स्थानकवासी संघ के देवीचंद खिवेसरा, पार्षद विपुल छाजेड़ आदि ने देश भर से आई चिकमगलूर की बहन बेटियों का सम्मान किया। इस मौके पर जैन समाज से जुड़े रहे जुगराज, माँगीलाल जैन, शेशे गौड़ा का भी सम्मान किया। अनेक युवक युवतियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

फेडरेशन के उपाध्यक्ष हितेश सियाल, सहमंत्री अभिषेक आच्छा, कोषाध्यक्ष सुनील डोसी ने व्यवस्था संभाली। मंच का संचालन राजेश सिसोदिया ने किया। उपस्थित महिलाओं ने शहर व जैन परिवार के साथ अपने अनुभव साझा किए और आयोजकों से इस तरह के कार्यक्रम नियमित करने का निवेदन किया ताकि वे अपने मायके के परिवार के साथ अपने बचपन के साथियों का मिलने का मौका मिले।

## 'शक्तियों का सदुपयोग करना धर्म ही सिखाता है'

बेंगलूरु। शहर के गणेश बाग में विराजित शिविराचार्यश्री विनयमुनिजी खींचन ने अपने प्रवचन में प्रज्ञापना सूत्र के विशेष पद का वर्णन करते हुए कहा कि इंद्रिय का निर्माण होने के बाद श्वास, वचन और मन इन तीन शक्तियों का निर्माण मनुष्य करता है। आहार सभी शक्तियों का आधार है। पूर्वज कहते थे जिसने आहार छोड़ दिया समझ लो उसने शरीर छोड़ने का निश्चय कर लिया है। आहार के आधार पर शरीर बनता है, शरीर में से इंद्रियों निकलती है, इंद्रियों के बाद श्वास की प्रक्रिया शुरू होती है। श्वास के बाद बोलने की शक्ति बनती है और उसके बाद चिंतन मनन करने के लिए एक बहुत बड़ी शक्ति मनुष्य को मन की मिलती है। यह सारी रचना अनंत पुण्य से होती है। इन शक्तियों का सदुपयोग करना धर्म ही सिखाता है। धर्म कहता है इन शक्तियों से आप अपने स्वयं का भला करें और अन्य जीवों का भी भला करें।



# दो दिवसीय 'श्री उत्सव' प्रदर्शनी की तैयारियां पूर्ण, आज होगा उद्घाटन

## तेरापंथ महिला मंडल बेंगलूरु कर रहा है आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर का तेरापंथ महिला मंडल बेंगलूरु द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण, आर्थिक उन्नति, कौशल उद्यमिता, आत्मविश्वास की बढ़ोतरी, मानसिक सुदृढ़ता के लिए वीवी पुरम स्थित महावीर धर्मशाला में दो दिवसीय प्रदर्शनी 'श्री उत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। अध्यक्ष रिजू डूंगरवाल ने बताया कि 'श्री उत्सव-एक कदम स्वावलंबन की ओर' नामक इस व्यापारिक मेले में भारत भर में विख्यात कई ब्रांडेड कंपनीय अपने उत्पादों को प्रदर्शित करेगी। डायमंड, कपड़े, ज्वेलरी, साड़ियाँ, फुटवेयर, होम अपलाइंसेस एवं सजावट सामग्री उत्पादों को इस प्रदर्शनी में देखा और खरीदा जा सकेगा। मंत्री ज्योति संचेती ने बताया कि आदिश्वर इंडिया के पारस भंडारी मीडिया पार्टनर, तारादेवी-चेनराज गोटावत भोजन प्रायोजक, पंचकेसरी बडेरा ज्वेलर्स गिफ्ट पार्टनर तथा भेरुलाल सुनीलकुमार भारतकुमार बाफना सहयोगी प्रायोजक के रुप में जुड़े हुए है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 की शुरुआत ही महिलाओं में आर्थिक सुदृढ़ता वाले इस विशाल आयोजन से की जा रही है।

श्री उत्सव की संयोजिका बिन्दु नाहर ने जानकारी दी कि महिलाओं को आर्थिक सुदृढ़ता का मंच प्रदान करने के प्रमुख उद्धेश्य से इस प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है साथ ही समाज की जरुरतमंद साधर्मिक महिला उद्यमियों के लिए भी प्रदर्शनी में स्टाल की विशेष व्यवस्था की जा रही है। संयोजिका संगीता आँचलिया ने बताया कि बेंगलूरु के साथ साथ जयपुर, कोलकाता, बनारस, मैसूरु, टिपटूर, हासन आदि शहरों की महिला उद्यमी इस प्रदर्शनी में अपने उत्पादों को प्रदर्शित करेंगी। इस मेगा प्रदर्शनी के प्रचार प्रसार व तैयारियों में महिला मंडल की पूरी टीम जोर शोर से जुटी हुई है। शुक्रवार को महिला सदस्याओं ने महावीर धर्मशाला में प्रदर्शनी की तैयारियों की समीक्षा की।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.